## निगम कार्यालय में हुई एमआईसी की बैठक, शहर के विकास के लिए पारित हुए प्रस्ताव

# एमआईसी की बैठक में आठ प्रस्तावों पर लगी मोहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा




नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा की मेयर इन काउंसलिंग की बैठक बुधवार निगम कार्यालय में नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा के महापौर विक्रम अहके की अध्यक्षता में आयोजित हुई। इस बैठक में निम्नानुसार प्रस्तावों को स्वीकृति मिली। पारित प्रस्ताव में माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर में दायर रिट पिटिशन क्रमांक 8962/2025, ब्रजेश पाण्डेय में भवन अधिकारी (सहायक यंत्री सिविल) एकल पद पर पदोन्नति के संबंध स्वीकृति प्रदान की गई।

नगर पालिक निगम छिन्दवाड़ा सीमांतर्गत इमलीखेडा खसरा नंबर 29/4 में सुविधाजनक दुकानें एवं स्थानीय दुकानें निर्माण हेतु भूमि आवंटन के संबंध में स्वीकृति हेतु प्रकरण स्वीकृत किया गया। नगर पालिक निगम छिन्दवाड़ा सीमांतर्गत इमलीखेडा खसरा नंबर 31/1 में व्यवसायिक कॉम्पलेक्स / मॉल निर्माण हेतु भूमि आवंटन के संबंध में स्वीकृति हेतु प्रकरण स्वीकृत किया गया। नगर पालिक निगम छिन्दवाडा स्वामित्व की जेल बगीचा स्थित रिक्त भूमि पर व्यवसायिक कॉम्पलेक्स निर्माण के संबंध में स्वीकृति प्रदान की गई। आईएसबीटी हेतु जमीन चिन्हित कर भूमि आबंटन किये जाने हेतु प्रस्ताव भेजे जाने की स्वीकृति प्रदान की गई।

स्थान चिन्हित किए जाने हेतु तीन सदस्यीय दल बनाने के निर्देश दिए गए। नगर पालिक निगम छिन्दवाडा सीमांतर्गत दिव्यांगजन द्वारा संचालित अधिकृत सांची पार्लर से अस्थायी दखल शुल्क राशि पूर्व में 3000/- रुपए प्रतिमाह निर्धारित की गई थी जिसमें संशोधन कर सामान्य पार्लर संचालक हेतु 1500/- रुपए प्रतिमाह एवं दिव्यांग पार्लर संचालक हेतु 1000/- प्रतिमाह निर्धारित किए जाने को स्वीकृति प्रदान की गई। छिंदवाड़ा में होने वाली महापौर परिषद की संभावित बैठक 12 जुलाई 2025 में होने वाले व्यय की प्रशासकीय एवं सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान की गई। साप्ताहिक पशु बाजार पंजीयन शुल्क वसूली हेतु ठेका दिये जाने हेतु प्रकरण स्वीकृत किया गया। अतिरिक्त प्रस्ताव में प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत ए.एच.पी. घटक खजरी में अधोसंरचना विकास कार्य की समय वृद्धि हेतु प्रकरण स्वीकृत किया गया।कायाकल्प अभियान में के अंतर्गत नगर निगम क्षेत्र की प्रमुख मार्गो में बी टी रिनिवल कार्य के राषि के अतिरिक्त राषि की स्वीकृत किया गया।

### महापौर ने ली विभागीय समीक्षा बैठक

महापौर विक्रम अहके ने नगर निगम के सभी विभाग प्रमुखों की बैठक निगमायुक्त चंद्रप्रकाश राय की उपस्थिति में ली। महापौर ने बैठक में आगामी माह 12 एवं 13 जुलाई को छिंदवाड़ा में प्रदेश स्तरीय महापौर परिषद का आयोजन हेतु दिशा निर्देश प्रदान किए। महापौर ने आगामी वर्षा ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए नालों एवं नालियों की सतत सफाई के निर्देश दिए। निगम के स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा बताया गया कि निगम क्षेत्र के कुल शहरी 47 एवं 34 ग्रामीण क्षेत्रों के नालों की सफाई की गई है। बैठक यातायात व्यवस्था की दृष्टि से आवारा पशुओं को लगातार पकड़ने के निर्देश दिए गए। शहर में स्वच्छता एवं आवश्यक संरचनात्मक सुधार के निर्देश दिए गए। आयुक्त ने भवन नामांतरण के प्रकरणों को समय सीमा में निराकृत करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही महापौर विक्रम अहके ने स्वच्छ पेयजल की सप्लाई एवं कुओं में स्वच्छ पानी की उपलब्धता रखने के निर्देश दिए। जल प्रदाय को बनाए रखने हेतु लीकेज पाए जाने पर तत्काल सुधार कार्य कराने के निर्देश दिए। मोक्षधाम में सूखी लकड़ी एवं कंडो की पर्याप्त उपलब्धता रखने के निर्देश दिए गए। बैठक में सभापतिगण एवं अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## लक्ष्मी कंस्ट्रक्शन की लापरवाही से वार्डवासी त्रस्त

# पार्षद संदीप ने पानी में तीन घंटे रहकर किया अनोखा प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

**तीन घंटे ठंडे पानी में खड़े होकर पार्षद का सत्याग्रह शहर में चर्चा का विषय बन गया। आखिरकार लक्ष्मी कंस्ट्रक्शन कंपनी के कारनामों से तंग आकर किसी पार्षद ने तो साहस दिखाते हुए ऐतिहासिक अभूतपूर्व प्रदर्शन कर प्रशासन को सकते में ला दिया। महीनों से मिन्नतें करते करते थक चुके पार्षद ने जब स्वयं उफनते गड्ढे में कदम रखा तो एहसास हुआ कि आम जनता कितनी परेशान रही होगी। लक्ष्मी कंस्ट्रक्शन के कारनामे पूरे शहर में दुर्दशा की अपनी कहानी बयां कर रहे है। छोटा मोटा विरोध भी हुआ परंतु निगम प्रशासन है कि टस से मस न हुआ। आखिरकार बुधवार को जब पार्षद संदीप सिंह चौहान ने तीन घंटे का प्रदर्शन किया तब आयुक्त नगर निगम से बात के दौरान गुणवत्तापूर्ण और समय सीमा पर कार्य पूर्ण होने का आश्वासन मिला। पार्षद भी बोले कि आश्वासन पूर्ण नहीं हुआ तो फिर करेंगे महाआंदोलन।**



शहर में निर्माण कार्यों की आड़ में लगातार लापरवाही और भ्रष्टाचार के आरोपों से घिरी लक्ष्मी कंस्ट्रक्शन कंपनी के खिलाफ अब जनप्रतिनिधि भी सड़कों पर उतर आए हैं। गुलाबरा क्षेत्र के जागरूक युवा पार्षद संदीप सिंह चौहान ने कंपनी के घटिया कार्यप्रणाली के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए पानी में उतरकर विरोध प्रदर्शन किया।

गुलाबरा मैन रोड पर पिछले कई महीनों से चल रहे सीवर लाइन के कार्य में कंपनी की अनदेखी और धीमी गति से काम होने के चलते क्षेत्रवासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सड़क पर जगह-जगह खुदे गड्ढे छोड़ दिए गए हैं, जिससे आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। दोपहिया वाहन चालकों, खासकर महिलाओं और बुजुर्गों के लिए सड़क पर चलना चुनौती बन गया है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि लक्ष्मी कंस्ट्रक्शन द्वारा सीवर और पाइपलाइन बिछाने के दौरान न सिर्फ सड़कों की हालत खराब की गई, बल्कि लोगों के घरों की निजी पाइपलाइनों और नगर निगम की पाइपलाइन को भी क्षति पहुंचाई गई है। कई स्थानों पर तो महीनों से सड़क की खुदाई के बाद उसे वैसे ही छोड़ दिया गया है, जिससे गंदगी और दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया है। पार्षद संदीप सिंह चौहान ने कहा कि यदि जल्द ही निर्माण कार्यों की गुणवत्ता में सुधार और समयसीमा का पालन नहीं किया गया, तो वे जनआंदोलन की राह अपनाएंगे। उन्होंने नगर निगम प्रशासन से भी मांग की है कि कंपनी पर ठोस कार्रवाई करते हुए ठेका रद्द किया जाए।



# पुलिस ने पकड़ी अवैध शराब



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंगोड़ी

अमरवाड़ा थानांतर्गत पुलिस चौकी सिंगोड़ी के ग्राम पंचायत पटनिया में चौकी प्रभारी पंकज रॉय सहित प्रधान आरक्षक मरावी, एवं महिला आरक्षक दिव्या बिसेन द्वारा गुप्त सूचना के माध्यम से ग्राम पटनिया में अवैध रूप से शराब बेचने की जानकारी मिली जानकारी लगते ही सिंगोड़ी पुलिस ने पटनिया पहुंचकर शराब बेचने वाली महिला संगीता पति धनराज गुनहेरे उम्र लगभग 40 वर्ष निवासी पटनिया के कब्जे से 10 बियर की सील बंद बॉटल एव 5 देसी मदिरा प्लेन एवं पांच बोतल अलग से बरामद की गई है। जिसके ऊपर आबकारी अधिनियम एक्ट 34 एके तहत मामला पंजीबद्ध कर मामला को कायम किया गया है। सिंगोड़ी पुलिस द्वारा लगातार अवैध गतिविधि में लिप्त लोगों व अपराधियों के ऊपर लगातार कार्यवाही करते हुए लगाम लगा रही है।

## रामशांति स्कूल में छात्रसंघ चुनाव, विद्यार्थियों ने जानी चुनावी प्रक्रिया

**पांढुर्ना।** स्थानीय रामशांति विद्यामंदिर स्कूल में आज छात्रसंघ चुनाव संपन्न हुआ। इस चुनाव के माध्यम से संवैधानिक मताधिकार एवं कर्तव्य पालन का बोध छात्र छात्राओं को हुआ। बीते कुछ दिनों से शाला में छात्रसंघ चुनाव की प्रक्रिया जारी थी, जिसका प्रचार प्रसार उम्मीदवार प्रतिभागियों द्वारा बडी ही सक्रियता के साथ किया जा रहा था।

शाला में हेड ब्वॉय एवं हेड गर्ल हेतू कक्षा 12 से तथा डेप्यूटी हेड ब्वॉय एवं डेप्यूटी हेडगर्ल हेतू कक्षा 10 से उम्मीदवार खडे हुए। इसके आवा हाउस कैप्टन बनने के लिए भी चुनावी प्रक्रिया अपनायी गई।

पहले शाला प्राचार्य चारू गुलाटी द्वारा मतदान किया गया, इसके बाद मैनेजर रोति धवले, को ऑर्डिनेटर्स, शिक्षक शिक्षिकाएं तथा विद्यार्थियों ने मताधिकार का प्रयोग कर चुनावी लोकतांत्रिक प्रक्रिया को नजदीक से देखा।

## कठिन संघर्षों और कड़ी मेहनत से सफल हुआ हाइब्रिड एडटेक प्राइवेट

**छिंदवाड़ा।** श्रेयस साठे नागपुर की मामूली गलियों में पले-बढ़े - जहाँ रेफ्रिजरेटर या गैस स्टोव जैसी बुनियादी सुविधाएँ भी सस्ती नहीं थीं - से लेकर एक संपन्न अंतर्राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी व्यवसाय का निर्माण और नेतृत्व करने तक, मेरी कहानी लचीलेपन, सांस्कृतिक गौरव और भारत की क्षमता में एक अटूट विश्वास पर आधारित है। मेरी पत्नी श्रद्धा, जो मेरी सबसे बड़ी प्रेरणा और समर्थन है, छिंदवाड़ा से है राजेश शुक्ला और सुनीता शुक्ला की बेटी है। एक निम्न-मध्यम वर्गीय परिवार में पले-बढ़े, मैंने एक एकल-आय वाले परिवार के दैनिक संघर्षों को प्रत्यक्ष रूप से देखा। मेरी माँ, जो घर की एकमात्र कमाने वाली थी, ने मुझे कड़ी मेहनत और लगन के मूल्य सिखाए। ये शुरुआती जीवन के सबक मेरी नींव बन गए, जिससे मुझे भारत में इंजीनियरिंग करने में मदद मिली, उसके बाद ग्रेनोबल इकोले डे मैनेजमेंट, फ्रांस (उस समय वैश्विक स्तर पर 13वें स्थान पर) में अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में मास्टर डिग्री हासिल की। यूरोप में जीवन चुनौतीपूर्ण था - मैंने एक साल फर्श पर सोकर बिताया - लेकिन इसने जीवन बदलने वाले अवसर भी लाए, जिसमें कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय के डाउनिंग कॉलेज में अर्थशास्त्र में अध्ययन के निदेशक के तहत अपनी थीसिस पूरी करना शामिल था। मेरा करियर मुझे बर्लिन ले गया, जहाँ मैंने सफलतापूर्वक शैक्षिक ऋण चुकाया और दो कंपनियों को भारतीय बाजार में विस्तारित करने में योगदान दिया। 2017 में, मैं हाइब्रिड एडटेक जीएमबीएच में शामिल हो गया, और 2020 तक, कोविड-19 संकट के बीच, मैंने एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया: भारत लौटना और मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा में 6&6 फीट के एक छोटे से कमरे से हाइब्रिड एडटेक प्राइवेट लिमिटेड शुरू करना।



# कार्रवाई के बावजूद क्यों नहीं थम रही रेत की चोरी

### हरिभूमि की खबर के बाद खनिज विभाग ने जप्त की पैसठ घन मीटर रेत






हरिभूमि छिंदवाड़ा भूमि

जलचर प्राणियों की प्रजनन प्रक्रिया भी की जा रही अनदेखी

खनिज विभाग के मिले संरक्षण के बलबूते खेल मैदान पर किया रेत का अवैध भंडारण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया

तामिया तहसील में रेत की चोरी लगातार होती चली आ रही है। बुलंद हौसलों के साथ खेल मैदान पर भी रेत के अवैध भंडारण करने से पीछे नहीं है। ऐसा इसलिए हो पा रहा था कि राजस्व एवं खनिज विभाग इन रेत चोरों के आघोषित संरक्षण दाता बने हुए हैं जिसके दम पर दिन रात चोरी की रेत लेकर ट्रक ट्रैक्टर खुलेआम रेत का अवैध परिवहन करते चले आ रहे हैं। इसी आशय का समाचार हरिभूमि ने 24 जून के समाचार अंक में खेल मैदान पर छात्रावास बनाने वाले ठेकेदार ने चोरी की रेत लगाने के साथ-साथ खेल मैदान पर रेत का अवैध भंडारण किया था जिसका हरिभूमि समाचार पत्र में सचित्र समाचार प्रकाशित होने के बाद खानिज निरीक्षक ने सीएम राईज स्कूल छात्रावास निर्माण के बगल में मंगल भवन भारिया ढाना में मंगल भवन निर्माण में भी चोरी की रेत लगने के साथ-साथ रेत अवैध भंडारण कर रखा है। खनिज निरीक्षक ने केवल छात्रावास के सामने खेल मैदान पर ठेकेदार द्वारा रॉयल्टी प्रस्तुत नहीं करने की दशा में 65 घन मीटर रेत का अवैध भंडारण जप्त किया जिससे सिद्ध हो गया है कि तामिया में रेत की चोरी खुलेआम हो रही है। खनिज निरीक्षक का अन्य जगह भी कार्यवाही नहीं किया जाना चर्चा का विषय बना हुआ है।

## पुलिस ने गेहूं चोरी के चार आरोपी पकड़े



**छिंदवाड़ा।** थाना प्रभारी देहात निरीक्षक जी. एस. राजपूत, द्वारा थाना स्तर पर सम्पत्ति संबधी अपराधियो की धडपकड एवं चोरी गये मशरूका की बरामदगी हेतु पुलिस टीम गठित कर आवश्यक दिशा निर्देश देकर रवाना किया गया था। थाना देहात अप.क्र.330/2025 धारा 303,305 बीएनएस में दिनांक 23/06/2025 को शासकीय उचित राशन दुकान काराबोह में रात्रि को शासकीय उचित मूल्य की दुकान से अज्ञात चोर द्वारा गेहू के 42 बोरी किसी अज्ञात व्यक्ति ने टीन उखाड कर चोरी कर लिये थे जो देहात पुलिस द्वारा अपने मुखबिर तंत्र का उपयोग कर सूचना पर अज्ञात आरोपियो की पहचान कर उन्हे अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई जो आरोपी सरवन मडरा पिता सुरेस मडरा उम्र 26 वर्ष निवासी काराबोह एवं शेलेन्द्र गढेवाल पिता सुभाष गढेवाल उम्र 19 वर्ष निवासी काराबोह एवं हमीद खान पिता वहीद खान उम्र 28 साल नि. काराबोह एवं सरजू मंडराह पिता सूरेश मडराह उम्र 26 साल नि. काराबोह के व्दारा घटना दिनाँक को चोरी करना स्वीकार किये जो पुलिस द्वारा चारो आरोपी से चोरी गई 42 बोरी गेहू की जप्त की गई है जिसका बाजार मुल्य 52500 रुपये है। आरोपी सरवन मडरा एवं शैलेन्द्र गढेवाल, हमीद खान, सरजू मंडरा को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया जहाँ से आरोपीगणो को जेल निरूध्द किया गया है।नाम आरोपीः-(1) सरवन मडरा पिता सुरेस मडरा उम्र 26 वर्ष निवासी काराबोह (2) शेलेन्द्र गढेवाल पिता सुभाष गढेवाल उम्र 19 वर्ष निवासी काराबोह थाना देहात छिन्दवाड़ा जिला छिन्दवाड़ा (3) हमीद खान पिता वहीद खान उम्र 28 साल नि. काराबोह एवं (4) सरजू मंडराह पिता सूरेश मडराह उम्र 26 साल नि. काराबोह शामिल है।

## लक्ष्मी कंस्ट्रक्शन ने किये गडढ़े, दयानंद ने भरे

**छिंदवाड़ा।** आये दिन लक्ष्मी कंस्ट्रक्शन के कारनामे सामने आ रहे हैं, और हर वार्डवासी इस कंस्ट्रक्शन कंपनी के कारनामों से प्रताड़ति है, क्योंकि जहॉ-देखो वहीं इनके द्वारा बनाये गये सीवर चेम्बरों में अब पानी की जगह अब आदमी गिरता दिखाई दे रहा है, लगातार इस कंपनी की लापरवाही की शिकायतें भी सामने आ रही हैं, और इस कंपनी के द्वारा जहॉ-तहॉ बड़े-बड़े गढ्ढे करके छोड़ दिया जाता है जिससे आये दिन दुर्घटना होते देखी जा सकती है । जिसे देखते समाजसेवी दयानंद ने आज स्थानीय दीनदयाल पार्क के सामने बीज, अनगढ़ हनुमान मंदिर रोड में हुये गढ्ढों को भरा, और बताया कि आगे भी उनके द्वारा लोगों को बारिस से राहत दिलवाने एवं प्रतिदिन हो रही दुर्घटनाओं पर रोक लगाने के लिये यह कार्य निरंतर जारी रखा जायेगा । उन्होनं आमजन से भी अपील की है कि वे भी स्वयं न हो सके तो अपने-अपने क्षेत्रों में जनभागीदारी से इस कार्य को अंजाम दे सकते हैं जिससे एक ओर हमारे शहर का सौंदर्यीकरण बना रहेगा वहीं रोडों पर होने वाली दुर्घटनाओं से कुछ हद तक राहत मिलेगी ।



## संविधान हत्या दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

**बिछुआ।** शासकीय महाविद्यालय बिछुआ में शासन के निर्देशानुसार संविधान हत्या दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.आर.पी.यादव के मार्गदर्शन मे आयोजित किया गया। कार्यक्रम में व्याख्यान व संविधान हत्या दिवस की लघु फिल्म का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय के प्राचार्य के व्याख्यान से प्रारंभ हुई। कार्यक्रम की नोडल डॉ.मनिता कौर विरदी ने कार्यक्रम की रूपरेखा बताई व 25 जून 1975 को लागू आपातकाल के बारे में बताया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के विद्यार्थियों व डॉ. नवीन चौरसिया,डॉ.नसरीन अंजुम खान,श्री संजय वा प्रवीण मंडराह, डॉ.अनिल अहिरवार,श्री रघुवीर उईके,श्री दुजारी बोसम,श्री रामप्रकाश डेहरिया,डॉ.फरहत मंसूरी,श्री नोखेलाल साहू,श्री अजीत गौतम,श्री सूर्यकांत शुक्ला,एवं विपिन मोखलगाए सहित समस्त स्टॉफ उपस्थित रहा।



## कांग्रेस मुक्त भारत होने पर ही मिट सकेगा आपातकाल का धब्बाः हेमंत खंडेलवाल

# इंदिरा गांधी की मनमानी का नतीजा आपातकालः खंडेलवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



आपातकाल के 50 वर्ष पूर्ण होने पर जिला भाजपा कार्यालय में पत्रकार वार्ता आयोजित की गयी। वार्ता को संबोधित करते हुए बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि ने कहा की 1975 में आज की ही तारीख में लोकतंत्र की हत्या तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी द्वारा भारत पर थोपे गए आपातकाल को भारतवासी कभी नहीं भर सकते हैं। लोकतंत्र को ताक पर रखकर तानाशाही का ऐसा विकृत रूप न तो इससे पहले कभी देखा गया था और न ही इसके बाद कभी देखा जाएगा। संविधान का हवाला देते हुए त्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी ने भारत के संविधान की खुले तौर पर हत्या की थी। आपातकाल की मूल वजह 12 जून, 1975 को आया इलाहाबाद हाई कोर्ट का वह फैसला था जिसमें श्रीमती इंदिरा गांधी के रायबरेली से सांसद के तौर पर चुनाव को अवैध करार दिया गया था। 1971 के आम चुनाव में रायबरेली निर्वाचन क्षेत्र के प्रतिद्वंद्वी राज नारायण ने उनके खिलाफ चुनाव में हेरफेर करने के लिए सरकारी मशीनरी के इस्तेमाल का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया था ,दोषी पाए जाने पर हाईकोर्ट द्वारा इंदिरा गांधी को अयोग्य घोषित कर दिया गया था।

### आपातकाल की याद करते हुए मनाया काला दिवस

**परासिया।** भाजपा कार्यालय परासिया में आज 25 जून 1975 को लगे आपातकाल को याद करते हुए काला दिवस के रूप में मनाया गया । 25 जून 1975 को इंदिरा गांधी के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार द्वारा आपातकाल की घोषणा कर लोकतंत्र की हत्या की गयी थी ।आपातकाल के दौरान समस्त विरोधी दलों के नेताओं कार्यकर्ताओं को जेल में डाल दिया गया था जिसके कारण कई परिवार उजड़ गए कई परिवारों के सामने जीवन निर्वाह का संकट उत्पन हो गया था , इस आपातकाल को भारतीय राजनीति के काले अध्याय के रूप में जाना जाता है अतः इस दिन को भाजपा द्वारा काला दिवस के रूप मे मनाया जाता है । इस कार्यक्रम मे मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित सुखनंदन जावरे जी ने कहा कि आज इस आपातकाल को लगाए हुए पूरे 50 वर्ष हो गए है राजनीतिक अस्थिरता और विरोध प्रदर्शन को कुचलने के लिए आपातकाल लगाया गया था इस आपातकाल ने मीडिया की आजादी को भी नष्ट कर दिया था इस अवसर पर इस कार्यक्रम के संयोजक नीरज चौरसिया जी , भाजपा मंडल अध्यक्ष बल्लू नागी जी, मंडल महामंत्री सुजाता तिवारी , मंडल उपाध्यक्ष दीपाक्षय भनारिया , दीपक आरसे , भगवान्दास झा, पूर्व मंडल अध्यक्ष सज्जू तिवारी , हरीशचंद्र अग्रवाल , रूपेंद्र डेहरिया , सिद्धार्थ मुखर्जी मंडल पदाधिकारी एवं समस्त भाजपा परिवार उपस्तिथ रहा ।

Raja Shankar Shah University, Chhindwara
IPS COLLEGE
JOIN EXCLUSIVE COURSE
Serving Edu. for the Past 25 YEAR
M.Sc. CS
DCA/PGDCA
ADMISSION OPEN
MICROBIOLOGY B.Sc. Honor's / M.Sc.
BIOTECHNOLOGY B.Sc. Honor's / M.Sc.
B.Sc. Honour's Maths / Bio / Comp.
B.C.A.
B.B.A. Honour's AICTE APPROVED COURSE
B.A. Honour's Computer
B.Com. Honour's Computer
M.Com
Excellent Placement Record
In Front of S.A.F. Gate,Parasia Road, Chhindwara Mob.- 9752880383,9753304877, 7898075114

## वक्ताओं ने बताये आपातकाल के समय की आपबीती

# सौंसर में हुआ लोकतंत्र का काला दिवस कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

25 जून को नगर के भाजपा कार्यालय सौसर में जिला स्तरीय आपातकाल- लोकतंत्र का काला दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया,कार्यक्रम में आपातकाल के 50 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा केंद्रीय नेतृत्व के निर्देश पर आयोजित कार्यक्रम मे लोकतंत्र स्वतंत्रता सेनानी दादा धर्माधिकारी, गंगाधर धुर्वे, नामदेवराव धोटे, सुधाकर पात्रीकर,लखन ठाकुर ओर मीसाबंदी के परिजनों लोकतंत्र प्रहरीयो का सम्मान किया गया।आयोजन में मुख्य रूप से सांसद बंटी साहू,भाजपा जिला अध्यक्ष संदीप मोहड़,नपा अध्यक्ष सौसर सुरेखा इंद्रचंद डागा,नप मोहगाव अध्यक्ष संदीप घाटोडे,जिपप सुनंदा डोंगरे,ललिता कुमरे,हरीश बत्रा नरेंद्र परमार,संतोष जैन,मोरेश्वर मर्सकोले, राहुल मोहोड,ऊषा भमोरे,, मीनाक्षी खुरसंगे कार्यक्रम संयोजक देवी दास राउत,संगीता बर्बे, दिनेश रैहकवार, राजेन्द्र भक्ते,दर्शन झाडे सदन साहू, आदि थे।




### हजारों की कुर्बानी के बदौलत आज लोकतंत्र जिंदा है: संदीप मोहोड़

शुभारंभ अवसर पर सगोष्टि कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहड ने कहा कि लोकतंत्र सेनानी के तपस्या त्याग के कारण ही आज लोकतंत्र बचा हुआ है, संविधान बचा है आप सरकार चुनकर अपने समाजिक विकास के लिए प्रगतिशील है,अगर आपातकाल में ये लोग बलिदान त्याग नहीं देते संघर्ष नहीं करते तो केवल एक तानाशाह का शासन होता,ना अपील ना दलील ना वकील सीधा जेल,जयप्रकाश नारायण जैसे दैव पुरुष ने समाज में तानाशाह व अत्याचार के विरुद्ध एक पुरोधा बन पथ प्रदर्शक का काम किया,उसके पीछे जयप्रकाश नारायण,अटलजी आडवाणी,,मोरारजी देसाई ,, जार्ज फर्नांडिस, राजनाथसिंह, जैसे अनेक युवा नेतृत्व ने अपनी जवानी सौंप दिया तब जाकर आज लोकतंत्र जीवित हैं।

### आपातकाल में देशवासियों ने बहुत जुल्म सहे

आयोजन को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता लोकतंत्र सेनानी दीनदयाल मोहने, मुख्य अतिथि सांसद विवेक बंटी साहू ने कहा कि 25जून 1975 को तत्कालीन प्रधानमंत्री द्वारा अपने पद पर बने रहने के लिए संविधान को कुचलते हुए आपातकाल भारत पर थोपा गया,इस आपातकाल में राजनैतिक विरोधी विचारधारा के लोगों आम जनमानस को बर्बरता पूर्वक पकड़ कर जेलों में ठूंसा गया उन्हें अनेक यातनाएं दी गईं, आयोजन के दौरान लोकतंत्र सेनानीयों ने अपने ऊपर हुई बर्बरता की जानकारी वर्तमान पीढ़ी को बताना जरूरी है, प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की सरकार ने लोकतंत्र और संविधान की हत्या कर दि थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा की संविधान हत्या दिवस की जानकारी हमें नई पीढ़ी को बताना है।। कैसे एक तानाशाही सोच ने जनभावना और न्यायालय के निर्णय को स्वार्थ के लिए भारतीय प्राण संविधान को पैरों तले कैसे रौंदा था। आयोजन में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता नेता उपस्थित थे।

## अधीक्षण अभियंता ने किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

अधिक्षण अभियंता छिंदवाड़ा द्वारा कार्यपालन अभियंता जुन्नारदेव के साथ नवेगांव विद्युत वितरण केन्द्र के 33/11 केवी सब स्टेशन बम्हनवाड़ा (हिरदागढ) का निरिक्षण किया गया। उपस्थित सभी सब स्टेशन आपरेटर को 8 घण्टे डयूटी करने व उपलब्ध सुरक्षा उपकरणों की जानकारी ली गई। लागबुक व ट्रिपिंग रजिस्टर का निरिक्षण/ फोन कालिंग की जानकारी ली गई। अधिक ट्रिपिंग वाले फिडर की जानकारी लेने पर उपस्थित लाइनमेन द्वारा बिजली कड़क के कारण अत्यधिक पिन इन्सुलेटर खराब होना बताया गया व लाइनमेन को लाइन में कम ट्रिपिंग आने के सुधार कार्य करने, लाइन के इन्सुलेटर बदलने व ए बी स्विच लगाने हेतु निर्देशित किया गया व समस्त सुरक्षा उपकरणों का उपयोग कर सावधानी से लाइन व सब स्टेशन का कार्य करने हेतु निर्देशित किया गए। उपभोक्ताओं को विद्युत व्यवधान की जानकारी व्हाट्सअप ग्रुप के माध्यम से लाइनमेन द्वारा प्रस्तुत कर अवलोकन करने पर प्रशंसा की गई व अच्छे कार्य करने हेतु प्रशस्ति पत्र देने हेतु कहा गया।मुख्यालय लाइन मेन से V मित्र और QR कोड लगाने / भार 3 किलो वाट/ पम्प बकाया की जानकारी ली गई व लक्ष्य अनुसार राजस्व संग्रहण प्राप्त करने हेतु दिशा निर्देश प्रदान किये गये।

## बजरंग दल का हो रहा है गांव-गांव में गठन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

प्रखण्ड सौंसर के ग्राम ब्राह्मण पीपला मे बजरंग दल का गठन किया गया।मिली जानकारी के अनुसार विहिप मंत्री गणेश प्रजापति,खंड संयोजक मयूर भोगाड़े के द्वारा ब्राह्मण पीपला मे बजरंग दल के गठन को लेकर ग्राम में बैठक करते हुए संघठन का गठन किया गया है, बैठक में राज दुर्गे, मनोज पाल,सचिन वाघाड़े जायेष गोखे नेसंगठन की कार्य शैली और रास्ट्र हित और हिन्दू समाज के हितो की रक्षा हेतु सदैव मम-दिक्षा हिन्दू रक्षा मंत्र के साथ समर्पितभाव के साथ कार्य करने की शपथ दिलाकर नवीन दायित्व का प्रभार दिया गया,संयोजक नामदेव भोयर, सहसंयोजक विवेक बेन्डे,बल उपासना प्रमुख वैभव करवंदे, मिलन प्रमुख प्रफुल बेन्डे, सूरज भोयर,गौ रक्षा प्रमुख एकनाथ काकड़े ,सत्संग प्रमुख रोहित काकड़े ,विधार्थी प्रमुख यश धुमाल, सह गौ रक्षा प्रमुख आदित्य इंगले, सह विधार्थी प्रमुख सुमित काकरे, सह बल उपासना प्रमुख यश काकडे आदि पदों पर नियुक्तियां की गई है दौरान बड़ी संख्या में बजरंग दल विश्व हिंदू परिषद एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

## ट्राइबल छिंदवाड़ा के 6 खिलाड़ी राष्ट्रीय टेनिस वॉलीबॉल प्रतियोगिता के लिए छतीसगढ़ रवाना



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

कलेक्टर छिंदवाड़ा श्री शीलेन्द्र सिंह , एसडीएम जुन्नारदेव सुश्री कामिनी ठाकुर , सहायक आयुक्त श्री सत्येंद्र सिंह मरकाम , प्राचार्यद्वय श्री मनोज श्रीवास्तव श्री चंद्रशेखर दीक्षित , स्टाफ सदस्यों और व्यायाम शिक्षकों ने दी शुभकामनाएं 26 से 28 जून तक छत्तीसगढ़ के भाटापारा में आयोजित राष्ट्रीय टेनिस वॉलीबॉल प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु जनजातीय कार्य विभाग छिंदवाड़ा के खिलाड़ी आज अपने प्रशिक्षक श्री अनुराग शर्मा और श्री नमन साहू के साथ रवाना हुए। प्रतियोगिता में सम्मिलित होने वाले ये खिलाड़ी दक्ष बिन्नेतकर (कक्षा 12) देवांश मालवीय (कक्षा 10) और आयुष यदुवंशी(कक्षा 11) उत्कृष्ट विद्यालय जुन्नारदेव एवं नकुल कुमरे (कक्षा 11वी ), प्रिंस कुमरे (कक्षा 12वी ) और गौतम कहार (कक्षा 11वी ) उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोरकुंड के छात्र हैं। इन खिलाड़ियों का चयन मध्य प्रदेश की ओर से राष्ट्रीय प्रतियोगिता में खेलने हेतु किया गया है। यह जानकारी देते हुए डीएसओ ट्रायबल छिंदवाड़ा अनुरोध शर्मा ने बताया कि मई माह में जुन्नारदेव में आयोजित ग्रीष्मकालीन वॉलीबॉल प्रशिक्षण शिविर में इन खिलाड़ियों को सघन प्रशिक्षण प्रदान करने के बाद, इन खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय प्रतियोगिता हेतु किया गया। बेहतर प्रदर्शन करने के लिए खिलाड़ियों को दी गई शुभकामनाएं प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन के लिए खिलाड़ियों को कलेक्टर छिंदवाड़ा श्री शीलेन्द्र सिंह , एसडीएम जुन्नारदेव सुश्री कामिनी ठाकुर , सहायक आयुक्त श्री सत्येंद्र सिंह मरकाम उनकी संस्था के प्राचार्य, एनसीसी ऑफिसर मनोज शर्मा, स्टाफ और विद्यार्थियों ने शुभकामनाएं प्रेषित की। खिलाड़ी और प्रशिक्षक को शुभकामनाएं प्रेषित करने हेतु स्टेशन पर ट्रायबल डीएसओ अनुरोध शर्मा , व्यायाम शिक्षक धनंजय चौरसिया , राजीव गौतम, पूर्व फुटबॉल खिलाडी संतोष बडोनिया, वालीबाल के वरिष्ठ खिलाडी सचिन मालवीय , आकिब खान , सत्यम साहू , मीत निवारे एवं पालकगण उपस्थित रहे।



## संविधान हत्या दिवस पर कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**जुन्नारदेव।** मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार शासकीय महाविद्यालय जुन्नारदेव में 25 जून 2025 को शासन के निर्देशानुसार संविधान हत्या दिवस अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ एके टांडेकर द्वारा सन 1975 में आपातकाल के दौरान देशवासियों को हुई समस्या ऑन के संबंध में जानकारी से विद्यार्थी और स्टाफ को अवगत कराया गया साथ ही इस दिन को संविधान हत्या दिवस क्यों कहा गया इस संबंध में भी जानकारी दी गई साथ ही मीसा बंदी के संबंध में भी प्राचार्य द्वारा जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में महाविद्यालय स्टाफ और विद्यार्थी उपस्थित थे।




### बैडमिंटन कोच अक्षय मक्कड़ देंगे अफ्रीका में प्रशिक्षण

**छिंदवाड़ा।** नगर के लिए बड़े गर्व का विषय है कि छिन्दवाड़ा के बैडमिंटन चैंपियन कोच व अंपायर अक्षय मक्कड़ शीघ्र ही अफ्रीका में अपनी सेवाएं देंगे, अक्षय मक्कड़ को अफ्रीकन बैडमिंटन एजेंसी ने 2 साल के लिए अनुबंधित किया है, उल्लेखनीय है कि अक्षय छिंदवाड़ा जिले के चैंपियन होने के साथ साथ इंदौर में एक इंटरनेशनल स्कूल व एकेडमी में अपनी सेवाएं दे रहे थे, उनकी इस उपलब्धि पर जिला बैडमिंटन संघ ने उनको एक गरिमामय कार्यक्रम में सम्मानित किया। अक्षय के साथ उनके माता पिता श्रीमती सुषमा मक्कड़ व पिता बंसीधर मक्कड़ का भी नागरिक अभिनंदन किया गया।जावेद खान ने बताया कि इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिला बैडमिंटन संघ के संरक्षक सर्वश्री नरेंद्र साहू, दारा जुनेजा , डॉ. अनिल जैन, प्रियकांत जुनेजा, प्रणय नामदेव ने बधाई दी है।

## वन्य प्राणी का खतरा बाउंड्रीवाल निर्माण की रखी मांग

# गोरेघाट विद्यालय में शिक्षकों की कमी



हरिभूमि न्यूज कटंगी।

स्कूल में ज्ञान की देवी मां सरस्वती की प्रतिमा लगी है. अभिभावकों को उम्मीद है कि इस स्कूल में उनके बच्चों को अच्छी और बेहतर शिक्षा मिलेगी. लेकिन बच्चों को डर है कि बिना शिक्षकों के उनकी पढ़ाई कैसे होगी. यह हालात बालाघाट जिले के विकासखंड कटंगी के पठार अंचल के अंतिम छोर पर स्थित एकीकृत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोरेघाट के है. जहां विगत वर्ष की तरह इस वर्ष भी शिक्षकों की कमी बनी हुई है. नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत होने पर स्कूल में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को शैक्षणिक कार्य प्रभावित होने का डर है. हाईस्कूल और हायर सेकेण्डरी की पढ़ाई यानी शिक्षा का वह स्तर जहाँ छात्र-छात्राएं अपने भविष्य की दिशा तय करने लगते हैं. बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी करते हैं और यही वह दौर होता है जहाँ विद्यार्थियों के भीतर सपने आकार लेते हैं और मेहनत दिशा पाती है. मगर, बिना शिक्षकों के सपने कैसे पूरे होंगे. यह बात गोरेघाट के विद्यार्थियों को अक्सर सताती है. दरअसल, विगत वर्ष भी गोरेघाट में एकमात्र शासकीय शिक्षक था और आधा सत्र बीतने के बाद अतिथि शिक्षकों की भर्ती हुई थी. अतिथियों ने भर्ती होने के बाद जैसे-तैसे पढ़ाई पूरी करवाई बोर्ड परीक्षा के परिणाम आए तो परीक्षा परिणाम अपेक्षाकृत संतोषजनक रहा. इस वर्ष विद्यार्थी सत्र के शुरूआती दिनों से ही अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति की मांग कर रहे है ताकि शैक्षणिक कार्य प्रभावित न हो. एक ही परिसर में लगने वाले इस स्कूल में अर्थशास्त्र, इंग्लिश, जीव विज्ञान, गणित, राजनीति शास्त्र, हिंदी वर्ग 01, प्रयोगशाला सहायक के 02 पदों को मिलाकर कुल 12 पद रिक्त है. रसायन विज्ञान, भौतिक विज्ञान और माध्यमिक में इंग्लिश, गणित, विज्ञान, संस्कृत और प्रयोगशाला सहायक 01 के शिक्षक सेवाएं दे रहे है।

### वन्य प्राणियों का खतरा

गोरेघाट स्कूल में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के साथ शिक्षकों के अभाव में केवल पढ़ाई ना होना ही एक समस्या नहीं है बल्कि उनकी जान को भी खतरा है. खतरा वन्य प्राणियों के हमले का है. गांव से करीब आधा किमी. दूर जंगल से सटे हुए हिस्से में स्कूल बना हुआ है. अब विद्यार्थी स्कूल परिसर में बाउंड्री वॉल और स्कूल तक पक्की सड़क, जंगल की तरफ फेंसिग करवाने की मांग कर रहे है. वजह, हिंसक वन्य प्राणी बाघ की मूवमेंट है. स्कूली छात्राओं ने बताया कि स्कूल में लगे सीसीटीवी कैमरों में भी बाघ को स्कूल के आस-पास विचरण करते हुए देखा गया है. सभी जानते है कि बीते कुछ समय से ग्राम गोरेघाट, बड़पानी, महकेपार, कुड़वा, खैरलांजी के आस-पास वन्य प्राणी बाघ को विचरण करते हुए देखा गया है. बाघ ने इंसानी शिकार की घटनाओं को भी अंजाम दिया है. इन घटनाओं से विद्यार्थियों में डर का माहौल है. शासन-प्रशासन को सजगता से विद्यार्थियों की मांग को सुनने की गरज है. वरना किसी भी दिन अनहोनी की खबर आ सकती है. बहरहाल, स्कूल के शिक्षकों ने वन्य प्राणी के खतरे को ध्यान में रखते हुए स्कूली वक्त में होने वाले अल्प अवकाश में भी बच्चों को स्कूल परिसर से बाहर निकलने में मना कर दिया है और स्कूल परिसर में ही उनके खेलने के लिए एक लघु मैदान तैयार किया है।

### स्कूल में फर्नीचर की कमी

गोरेघाट स्कूल में फर्नीचर की कमी एक गंभीर समस्या बनी हुई है. छात्र आज भी ज़मीन पर बैठकर पढ़ाई करने को मजबूर हैं. जिससे स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता पर असर पड़ता है. विद्यार्थी लंबे समय तक नीचे फर्श पर बैठने से असहज महसूस करते हैं, जिससे उनका ध्यान पढ़ाई से भटकता है. शिक्षक भी संसाधनों की कमी के कारण ढंग से पढ़ा नहीं पाते. विद्यार्थियों ने इस ओर भी स्कूल शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों का ध्यानाकर्षण कराते हुए तमाम मुलभूत सुविधाएं मुहैया करवाने की मांग की है।

### इनका कहना है

शिक्षकों की कमी बनी हुई है अभी अतिथियों के लिए कोई आदेश नहीं आए है. वन्य प्राणी बाघ का खतरा तो बना हुआ है जिस कारण कई बच्चे प्रवेश नहीं ले रहे है बल्कि वह तिरोड़ी और कटंगी में प्रवेश ले रहे है. फर्नीचर की कमी भी बनी हुई है।

**संजय सोनी**
**प्राचार्यशास.उच्चतर माध्यमिक विद्या. गोरेघाट**

## धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान : 25 जून को 16 ग्रामों में लगाया गया शिविर



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** जनजातीय समुदायों को सशक्त बनाने तथा शासन की विभिन्न हितग्राहीमूलक योजनाओं का लाभ उन तक पहुंचाने के लिए प्रधानमंत्री जनजाति न्याय अभियान एवं धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत 15 जून से 30 जून तक जिले में विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर श्री मृणाल मीणा के मार्गदर्शन में आयोजित इन शिविरों में 25 जून को जिले के 16 ग्रामों में शिविरों का आयोजन कर उनके प्रमाण पत्र बनवाए गये और उन्हें योजनाओं से जोड़ा गया।

25 जून को बैहर विकासखण्ड के ग्राम माना, कदला, भालापुरी, लपटी, बिरसा विकासखंड के ग्राम बीजाटोला, थुरेमेटा, तरेगांव, छपला, परसवाड़ा विकासखंड के ग्राम सिंघई, लीलामेटा, मोहगांव (मा), बालाघाट विकासखंड के ग्राम घुनाड़ी, लालबर्रा विकासखंड के ग्राम नेवरगांव (ला), कटंगी विकासखंड के ग्राम सुकली, वारासिवनी विकासखण्ड के ग्राम कोचेवाही तथा लांजी विकासखंड के ग्राम दहेगांव में शिविर आयोजित किया गया। इन शिविरों में धरती आबा जन अभियान के अंतर्गत 35 आधार कार्ड, 19 आयुष्मान कार्ड, 25 जाति प्रमाण पत्र, 10 जनधन बैंक खाता, 01 पीएम किसान सम्मान निधि, 16 प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के प्रकरण बनाए गए तथा 25 व्यक्तियों की सिकल सेल एनीमियॉ स्क्रीनिंग की गई।

## मुख्य सड़क में जगह-जगह बत्ती गुल : स्थानीय दुकानदार परेशान, ठेकेदार नहीं कर रहा मेंटेनेंस



हरिभूमि न्यूज कटंगी।

शहर के मुख्य सड़क मार्ग पर बस स्टेण्ड से लेकर वारासिवनी रोड़ में उड़यिा मोहल्ला और बस स्टेण्ड से लेकर सिनेमा चौक की तरफ डिवाइडर पर लगाई गई स्ट्रीट लाइट जगह-जगह से बंद है. करीब 06 माह पहले ही लाखों रुपए खर्च कर डिवाइडर पर तकरीबन 45 की संख्या में स्ट्रीट लाइट पोल लगाए गए है. जिनमें से करीब 15 पोल की लाइन बंद पड़ी है. स्थानीय दुकानदार अभिषेक तिवारी ने बताया कि लाइट बंद होने की शिकायत नगर परिषद में की थी लेकिन नगर परिषद ने यह कहते हुए पल्ला झाड़ दिया कि अभी वारंटी पीरियड चल रहा है, ठेकेदार ही मरम्मत करेगा. उड़यिा मोहल्ला में एक शख्स ने नाम ना प्रकाशित करने की शर्त पर बताया कि केवल 08 दिन ही लाइट जली उसके बाद से बंद है. स्ट्रीट लाइट के बंद होने से शाम होते ही सड़क और किनारे में अंधेरा छा जाता है जिससे स्थानीय दुकानदार के साथ राहगीर भी परेशान होते है।

06 माह पहले शहर के मुख्य सड़क पर लगी स्ट्रीट लाइट के बंद होने से कार्य की गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो रहे है. दरअसल, इस कार्य को लेकर शिकायतें तो बहुत है. मगर, कार्य की निगरानी करने वाले जिम्मेदार लोग ही नगर परिषद में नहीं है. करीब 06 माह से अध्यक्ष अस्वस्थ चल रहे है. अध्यक्ष की जिम्मेदारी किसी भी पार्षद और उपाध्यक्ष के हाथों में नहीं है. जबकि सीईओ का पद रिक्त है. प्रशासनिक स्तर पर राधेश्याम चौधरी को कटंगी नगर परिषद में सीएमओ के पद पर जिम्मेदारी भले ही दे दी गई है किंतु उन्होंने अब तक अपना पदभार ग्रहण नहीं किया है. नगर परिषद के पार्षद किसी भी कार्य को लेकर सिर्फ चुप्पी साधे बैठे हुए है. उनकी नगर परिषद का एक अदना कर्मचारी भी नहीं सुन रहा है. जिसका खामियाजा शहर की जनता को भुगतना पड़ रहा है।

## दिवाली में 50 हजार रूपये का बोनस दिया जायेगा-सक्सेना

# मॉयल लिमिटेड का 63वां स्थापना दिवस समारोहपूर्वक सम्पन्न



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** भारत सरकार का मिनी रत्न सरकारी उपक्रम ए शेडयूल कंपनी मॉयल लिमिटेड ने अपना 63वां स्थापना दिवस 22 जून को समारोहपूर्वक मुख्यालय नागपुर के सुरेश भट्ट ऑडिटोरियम में मनाया। जिसमें भरवेली, उकवा, तिरोडी, सीतापठौर, चिखला, डोंगरीबुर्जुग, कांद्री, मनसर, गुमगांव, बेलडोंगरी के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने भाग लिया।

समारोह के मुख्य अतिथि इस्पात मंत्रालय के सचिव संदीप पौंडरिक थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक अजीत कुमार सक्सेना द्वारा की गई। कार्यक्रम में निदेशक उत्पादन योजना एम.एम. अब्दुल्ला, निदेशक वित्त राकेश तुमाने, निदेशक वाणिज्य रश्मि सिंह, निदेशक मानव संसाधन श्रीमती उषा सिंह सहित सभी खदानों के माईन मैंनेजर, सभी समूह के अभिकर्ता एवं संयुक्त महाप्रबंधक के साथ बडी संख्या में मॉयल के कामगार कर्मचारी अधिकारी वर्ग के साथ उनके परिवार के सदस्य भी उपस्थित रहे। मॉयल के अनेक भूतपूर्व अधिकारी वर्ग भी इस अवसर पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

उपस्थित कामगार कर्मचारी वर्ग को सम्बोधित करते हुए मॉयल के अध्यक्ष एवं सह निदेशक अजीत कुमार सक्सेना ने मॉयल के विगत 3 वर्षो की उपलब्धि पर विशेष रूप से फोकस डालते हुए अपनी बात को रखकर मॉयल के 63 वर्षो के सफर में अपने पूर्व अधिकारियों के योगदान को भी याद किया। मॉयल निर्धारित किये गये लक्ष्य को पूर्ण करने के लिये कृत संकल्प है और इस दिशा में निरंतर प्रयास कर रही है। मुझे विश्वास है कि हम सामूहिक प्रयास से 2030 तक उत्पादन का जो लक्ष्य निर्धारित किया गया है उसको पूर्ण कर लेगें। आगामी दिपावली माह में कामगार कर्मचारियों को हम 50 हजार रूपये बोनस के रूप में प्रदान करेगें यह बताते हुए मुझे बडी खुशी हो रही है। पिछले वर्ष 44 हजार रूपये दिये थे।

जबकि मुख्य अतिथि सचिव पौंडरिक ने मॉयल की उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि कंपनी को प्रतिस्पर्धा में शामिल होने के लिये अपनी कार्यप्रणाली में परिवर्तन करने के साथ अपने कार्यो का विस्तार करने पडेगा। उसे देश के साथ विदेश में भी नई खदान खोले जाने के प्रयास भी करने होगें। मंत्रालय ने उत्पादन को जो लक्ष्य प्रदान किया है मॉयल उसको पूर्ण करेगा ऐसा मेरा विश्वास है। इसी अवसर पर उन्होंने युवाओं से सकारात्मक एवं रचनात्मक गतिविधियों में अपना अधिक से अधिक समय प्रदान करने पर जोर दिया साथ ही स्वास्थ्य पर भी विशेष रूप से ध्यान केन्द्रित करने का आव्हान किया। प्रतिस्पर्धाओं में सफलता का मार्ग खोजने का प्रयास करना चाहिये। इसके पूर्व निदेशक वित्त राकेश तुमाने ने सर्वप्रथम प्रतिवेदन पढा एवं आभार श्रीमती उषा सिंह ने व्यक्त किया। अतिथियों द्वारा मॉयल भारती पत्रिका के दूसरे संस्करण का विमोचन भी किया गया।

### भाजपाइयों ने लोकतंत्र सेनानी का किया सम्मान

**कटंगी।** आपातकाल के 50 वर्ष पूरे होने पर लोकतंत्र सेनानी रामसिंह ठाकुर का भाजपाईयों ने बुधवार 25 जून को दोपहर 02 बजे रामनगर स्थित उनके आवास पर पहुंचकर उनका सम्मान किया. मीसाबंदी रामसिंह ठाकुर ने आपातकाल के अनुभव को सभी के साथ साझा करने के बाद शासकीय राजा भोज महाविद्यालय परिसर में पौधारोपण किया. इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष मुकेश चौकसे, भाजयुमो अध्यक्ष प्रियांश राउत, देवी प्रसाद तिवारी, संदीप शर्मा, आलोक खंडलेवाल, कामराज देशमुख, भोजराज देशमुख, ट्विंकल वाघमारे सहित रामसिंह ठाकुर के पुत्र विनय ठाकुर और उनकी पुत्रवधू मौजूद रहे. रामसिंह ठाकुर ने आपातकाल की याद को ताजा करते हुए बताया कि तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने 25 जून 1975 को राजनीतिक और सामाजिक कारण से आपातकाल लगा दिया था. यह संविधान की हत्या थी उस वक्त विपक्षी नेताओं को जेल में डालने का काम किया गया।

## खबर संक्षेप

### बाइक अनियंत्रित होकर पत्थर टकराने से किसान की मौत

सिवनी। जिले के कुरई थाना क्षेत्र में घाट कोहका गांव के पास एक बाइक अनियंत्रित होकर पत्थर से टकरा गई। हादसे में बाइक सवार किसान की मौके पर ही मौत हो गई। वह बादलपुर से कुरई की ओर जा रहे थे। हादसा मंगलवार दोपहर 12 बजे हुआ। मृतक की पहचान रामप्रसाद सिरसाम (35) के रूप में हुई है। वह बुद्ध सिरसाम के बेटे थे और किसानी का काम करते थे। प्रत्यक्षदर्शियों ने तुरंत पुलिस और 108 एंबुलेंस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा बनाया और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की कर रही है जांच कुरई थाना प्रभारी कृपाल सिंह तेकाम ने बताया कि मामले में मर्ग कायम कर जांच की जा रही है। पुलिस दुर्घटना के कारणों की जांच कर रही है। साथ ही लोगों से गाड़ी सावधानी से चलाने की अपील कर रही है।

# विभागीय तबादले के बावजूद अधिकारी नहीं दे रहे रिलीफ

## जनता त्रस्त, प्रशासन मौन, नेता तमाशबीन

**सिवनी जिले में प्रशासनिक तबादलों के आदेश महज कागजों में सीमित होकर रह गए हैं। मध्य प्रदेश शासन द्वारा हाल ही में किए गए विभागीय स्थानांतरण के बाद भी सिवनी जिले के कई कर्मचारी अपने पुराने पदस्थापना स्थल पर जमे हुए हैं। प्रशासनिक लचरता और राजनीतिक संरक्षण का ऐसा उदाहरण दुर्लभ ही देखने को मिलता है।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

कलेक्टर कार्यालय सिवनी से दिनांक 15 जून 2025 को स्थानांतरण आदेश जारी हुआ, मगर उसके बावजूद संबंधित अधिकारी-कर्मचारी आज तक कार्यमुक्त नहीं किए जा सके हैं। सवाल यह उठता है कि आखिर इन




कर्मचारियों को रिलीव करने में अधिकारी क्यों हिचक रहे हैं? इसका जवाब जिले में चर्चा का विषय बना हुआ है।

### सेटलमेंट का चल रहा खेल

विश्वसनीय सूत्रों के मुताबिक तबादले के बावजूद इन कर्मचारियों द्वारा पुराने कार्यकाल के मामलों का सेटलमेंट किया जा रहा है। विभागीय फाइलों में पुराने हिसाब-किताब निपटाए जा रहे हैं। जिस प्रशासनिक सतर्कता की बात सरकार करती है, वह सिवनी में नजर नहीं आती।

### नेताओं का संरक्षण, अफसरों की मेहरबानी

सिवनी जिले के कई रसूखदार नेता इन कर्मचारियों को बचाने में पूरी ताकत झोंक रहे हैं। कहीं विधायक तो, कहीं प्रभावशाली लोग भोपाल तक दौड़ लगा रहे हैं। अफसरों पर दबाव बनाया जा रहा है कि चहेते कर्मचारियों को जल्दबाजी में कार्यमुक्त न किया जाए। यही वजह है कि तबादला आदेश के बाद भी "कुर्सी मोह" खत्म नहीं हो रहा।

### दागदार कर्मचारियों का बोलबाला

जिन कर्मचारियों का तबादला हुआ है, उन पर पहले से ही जनता को परेशान करने, भ्रष्टाचार और अनियमितताओं के गंभीर आरोप लगते रहे हैं। कई बार ये अखबारों की सुर्खियों में भी रहे हैं। इसके बावजूद ये आराम से पुराने पदों पर विराजमान हैं और जनता इनके कुर्सी प्रेम से त्रस्त है।

### प्रशासनिक विफलता पर उठते सवाल

सवाल है कि क्या जिला प्रशासन खुद भी इन रसूखदारों के दबाव में है? क्या भ्रष्टाचार के खिलाफ सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति महज भाषणों तक सीमित है? अगर सख्ती नहीं हुई तो आने वाले समय में यह पूरी व्यवस्था पर बड़ा सवाल बनकर खड़ा हो सकता है।

### सिवनी में दागी अधिकारी व कर्मचारी बेखौफ

सिवनी जिले का हाल यह है कि यहां दागी अधिकारी व कर्मचारी बेखौफ नौकरी करते रहते हैं और नेता अपनी नेतागिरी चमकाने में लगे रहते हैं। यदि समय रहते इन मामलों पर सख्त कार्रवाई नहीं हुई तो यह पूरे प्रदेश के प्रशासनिक ढांचे पर गंभीर सवाल खड़े करेगा ।



### पहले ही प्रयास में नीट की परीक्षा में बेहतरीन सफलता अर्जित की रिमझिम त्रिवेदी ने

केवलारी। सिवनी के विकासखण्ड केवलारी जैसे छोटे क्षेत्र से जहां संसाधनों की भारी कमी होने के बावजूद , अपनी कड़ी मेहनत और लगन की बदौलत नीट 2025 की परीक्षा में प्रथम प्रयास में ही 637/720 अंकों के साथ सफलता प्राप्त करने वाली बेटी रिमझिम त्रिवेदी ने अपने केवलारी क्षेत्र का नाम रोशन किया है । यह उन सभी छात्र-छात्राओं के लिए एक प्रेरणा है जो अपने सपनों को पूरा करना चाहते हैं और अपने परिवार और क्षेत्र के लिए कुछ खास करना चाहते हैं।

# जघन्य एवं सनसनीखेज प्रकरण में राकेश उर्फ पप्पू उर्फ मद्दी उर्फ कच्ची यादव को आजीवन कारावास

***माननीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने अभियुक्त राकेश उर्फ पप्पू उर्फ मद्दी उर्फ कच्ची यादव पिता काशीराम यादव उम्र लगभग 30 वर्ष निवासी पंपापुर वार्ड न.01 परासिया जिला छिन्दवाडा हाल निवासी मालू पेट्रोल पंप के पीछे टपरा मोहल्ला सिवनी को हत्या तथा हत्या के प्रयास के प्रकरण में धारा 302 भादवि में आजीवन कारावास एवं 5000 रूपये का अर्थदंड तथा धारा 307 में 05 वर्ष का कठोर कारावास एवं 5000 रूपये के अर्थदंड से दिनांक 25.06.2025 को दंडित किया है।***

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

घटना इस प्रकार है कि दिनांक 23.05.2024 को थाना कोतवाली सिवनी के अंतर्गत रात में फरियादी अंकित मिश्रा पिता मायाशंकर मिश्रा उम्र 27 वर्ष निवासी टपरा मोहल्ला के.जी.एम. कालोनी थाना कोतवाली



अपनी पत्नी अंजना मिश्रा एवं दोनो बच्चों के साथ बडी ज्यारत में उर्स कव्वली देखने के लिए गया था, रात को लगभग 1:30 बजे वह अपनी दुकान में ताला लगा रहा था तभी अभियुक्त राकेश उर्फ पप्पू उर्फ मद्दी उर्फ कच्ची को धक्का लग गया, इस बात पर अभियुक्त ने अंकित को मां-बहन की गंदी-गंदी गालियां देते हुए हाथ-मुक्को से मारने लगा तथा हाथ पकडकर जबरदस्ती बाहर खीचने लगा, तब उसकी पत्नी अंजना मिश्रा ने बीच-बचाव किया, उसी समय अभियुक्त ने अपने पास रखा धारदार चाकू से फरीयादी अंकित मिश्रा एवं उसकी पत्नी अंजना मिश्रा पर जानलेवा हमला किया और अंकित को पेट के नीचे दाहिने तरफ चाकू मारा एवं पत्नी अंजना को पसली के पास चाकू से मारा, चाकू मारकर अभियुक्त मद्दी उर्फ कच्ची वहां से भाग गया। अंकित एवं उसकी पत्नी अंजना मिश्रा को पुलिस की गाडी से इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया जहां पुलिस ने अंकित मिश्रा के बताये अनुसार देहाती नालसी दर्ज की थी। जिला अस्पताल से आहतगण को इलाज हेतु जबलपुर अस्पताल रेफर किया गया जहां इलाज के दौरान दिनांक 24.05.2024 को फरियादी अंकित मिश्रा की मृत्यु हो गई, प्रकरण की विवेचना उपनिरीक्षक देवेन्द्र उइके के द्वारा की गई थी, शासन की ओर से उपनिदेशक अभियोजन/विशेष लोक अभियोजक गोपालकृष्ण हालदार ने माननीय न्यायालय में पैरवी करते हुए साक्ष्य प्रस्तुत किये जिससे सहमत होते हुए माननीय सत्र न्यायालय ने अभियुक्त को आजीवन कारावास एवं अर्थदंड से दंडित किया है।



### नवीन पी.ओ.एस. मशीन से होगा उर्वरक का वितरण

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** शासन किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग से प्राप्त निर्देशों के परिपालन में जिले में उर्वरकों का वितरण पी.ओ.एस. मशीन के माध्यम से ही किया जाना है। विगत वर्षों से उर्वरकों का वितरण एल. 0 पी.ओ.एस. मशीन के माध्यम से किया जाता रहा है किन्तु नई तकनीकी के विकसित होने पर अब उर्वरकों का वितरण एल.1 पी.ओ.एस. मशीन अथवा एल. 1 एम.एफ.एस. 110 एवं मार्क 11 थम्ब स्केनर मशीन के माध्यम से ही उर्वरकों का वितरण होना है। शासन से प्राप्त निर्देशानुसार जिले में चंबल फर्टीलाइजर एण्ड केमिकल्स लिमिटेड के माध्यम से एल.1 पी.ओ.एस. मशीनों का वितरण किया जा रहा है। इसी परिपेक्ष्य में मंगलवार 24 जून कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन एवं उपसंचालक कृषि सिवनी श्री सुधीर कुमार धुर्वे की उपस्थिति में उर्वरक विक्रेताओं को 37 नई एल. 1 पी.ओ.एस. मशीनों का वितरण करवाया गया।

# अवैध रेत उत्खनन की चोरी कर रेत ले जा रहे डम्पर ने एक युवक की ली जान

## केवलारी विधायक रजनीश सिंह बागड़ोंगरी में चक्का जाम में सम्मिलित हुए

दिनाँक 24 जून 2025 विगत रात लगभग 10:30 बजे सिवनी जिले की केवलारी विधानसभा क्षेत्रांतर्गत ग्राम बागड़ोंगरी में अवैध रेत उत्खनन की चोरी कर रेत ले जा रहे डम्पर ने साइकिल से घर जा रहे ग्राम दुरेंदा निवासी यशवंत राव सोनी को रौंदकर भाग गया जिसमें शयशवंत राव सोनी की घटना स्थल में मौत हो गई।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

जिससे क्षेत्रीय जनों ने आक्रोश में आकर ग्राम बागडोंगरी में अवैध उत्खनन में मृतक व्यक्ति के साथ न्याय करने एवं अवैध उत्खनन में रोक लगाने हेतु चक्का जाम लगाया। चक्का जाम में उपस्थित होकर केवलारी विधायक ठा. रजनीश हरवंश सिंह ने क्षेत्रीय जनों का समर्थक करते हुए बागडोंगरी में हो रहे अवैध उत्खनन का जमकर विरोध किया।

### अवैध उत्खनन कर रहे ठेकेदार पर कठोर कार्यवाही करने की मांग

चक्का जाम के दौरान अवैध रेत उत्खनन की चोरी कर रहे डम्फ़र को रोककर उनकी जाँच कराई गई तो घटना स्थल में 14 डंफ़र बिना रेत रॉयल्टी के एवं 7 पोकलेन पाए गए,



जिसमें केवलारी विधायक ठा. रजनीश हरवंश सिंह जी एवं क्षेत्रीय जनों के द्वारा घटना स्थल में मौजूद 14 डम्परों एवं 7 पोकलैंड को राज सात करने एवं अवैध उत्खनन कर रहे ठेकेदार पर कठोर कार्यवाही करने की मांग व शासन से मृतक के परिजनों को उचित राहत राशि प्रदाय किए जाने कि मांग की। विधायक ठा. रजनीश हरवंश सिंह एवं क्षेत्रीय जनों की मांग पर केवलारी एस.डी.एम. महेश अग्रवाल के द्वारा पंचनामा तैयार कर घटना स्थल में पाए गए वाहनों की जप्ती बनाई एवं आवश्यक कार्यवाही करने का आश्वासन दिया। चक्का जाम के आयोजन सभी क्षेत्रीय गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही।

# जिटो लेडीज विंग की शुभारंभ और शपथ समारोह सम्पन्न






हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

22June 2025 को सिवनी में जिटो लेडीज विंग की शुभारंभ और शपथ समारोह का आयोजन सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ । जिटो लेडीज़ विंग के सफल शुभारंभ के लिए हितेन्द्र मेहता ,कमलेश सोजतिया, महावीर जैन , दिलीप जैन , संजीव जी चौधरी और कुसुमजी श्रीमाल की गरिमामय उपस्थिति के लिए हार्दिक धन्यवाद और आभार । आदरणीय राहुल जी बड़कुल ,संदीप जी ,सुमित जी ,और विनीता जी ,नीलिमा जी का अविस्मरणीय सहयोग ही इस कार्यक्रम की सफलता का माध्यम बना । हमारी टीम का विशेष आभार देती है श्रीमती कुसुमजी श्री श्रीमाल जी को जिनके कुशल मार्गदर्शन में एक संगठित जिटो लेडीज विंग का सिवनी में ऐतिहासिक गठन संभव हुआ है । राज कंगाली सहित अनेक लोगों ने प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया।

### लंबित आवेदनों का करे त्वरित निराकरण

सिवनी। कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन ने बुधवार 25 जून को सभी एसडीएम, सीईओ जनपद एवं ग्रामीण यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों तथा अभियान से जुडे अधिकारियों की बैठक लेकर धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। कलेक्टर सुश्री जैन ने जिलें की 292 पंचायतों के 397 ग्रामों में 15 जून से आरम्भ हुए धरती आबा अभियान अंतर्गत चिन्हांकित सेवाओं में आज दिनांक (25 जून) तक पात्र हितग्राहियों से प्राप्त आवेदनों एवं आवेदनों के निराकरण स्थिति की अनुभगवार विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने अनुभागवार आयुष्मान कार्ड, जाति निवास प्रमाणपत्र, एलपीजी गैस कनेक्शन, जन्म प्रमाणपत्र, राशन कार्ड सहित अन्य चिन्हांकित योजना के लंबित प्रकरणों की जानकारी लेकर संबंधित सीईओ जनपद तथा विभागीय अधिकारी को तत्काल पात्र व्यक्तियों को लाभांवित करने के निर्देश दिए।

# जिला स्तरीय पर्यटन क्विज का पंजीयन प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

मध्य प्रदेश के गौरवशाली इतिहास ,संस्कृति और लोक कला से से स्कूली विद्यार्थियों को परिचित कराने के उद्देश्य मध्य प्रदेश राज्य पर्यटन बोर्ड द्वारा प्रतिवर्ष स्कूल शिक्षा विभाग के सहयोग से जिला एवं राज्य स्तरीय टूरिज्म क्विज प्रतियोगिता आयोजित की जाती है ,प्रतियोगिता के जिला क्विज मास्टर संदीप मिश्रा ने बताया कि उक्त प्रतियोगिता हेतु इस वर्ष 25 जून 2025 से 18 जुलाई 2025 तक बोर्ड की साइट पर ऑनलाइन पंजीयन प्रारंभ हो चुके हैं,यह प्रतियोगिता 1 अगस्त को जिला स्तर में सिवनी में आयोजित होगी, जिसमें कक्षा 9 से




12 तक के तीन श्रेष्ठ विद्यार्थियों का पंजीयन स्कूल प्रबंधन द्वारा किया जाएगा, यह प्रतियोगिता सिवनी जिले में जिला शिक्षा अधिकारी एस एस कुमरेजी के मार्गदर्शन में आयोजित की जाएगी ,जिसके नोडल अधिकारी लोक सेवा प्रबंधक संदीप मिश्रा होंगे एवं क्विज मास्टर धारना विद्यालय के पीटीआई संदीप मिश्रा रहेंगे, यह प्रतियोगिता दो चरणों पर आयोजित होती है प्रथम चरण में लिखित परीक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली 6 टीम द्वितीय चरण में मल्टीमीडिया राउंड में सहभागिता करेंगे, जिसमें प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली टीम राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में अपनी हिस्सेदारी सुनिश्चित करेगी ,इन सभी टीमों को मध्य प्रदेश के पर्यटन स्थलों का भ्रमण उपहार स्वरूप कराया जाता है, इस प्रतियोगिता का आयोजन जिले के अंदर उत्सव के रूप में किया जाता है, इस प्रतियोगिता से के संबंधित किसी भी तरह की जानकारी के लिए क्विज मास्टर संदीप मिश्रा से मोबाइल नंबर 9425 175826 में संपर्क किया जा सकता है।

### बलिदान दिवस पर रानी दुर्गावती को किया गया याद



**बरघाट** । वार्ड क्रमांक 15 में रानी दुर्गावती जी के बलिदान दिवस कार्यक्रम पर आदिवासी भवन मे कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम मे बरघाट के पूर्व विधायक अर्जुन सिंह काकोड़िया, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष अनिल सिंह ठाकुर, आदिवासी समाज अध्यक्ष महादेव टेकाम, सभापति/पार्षद असंत उईके जी सहित नगरवासी व वार्ड वासी सम्मिलित हुए, जहां रानी दुर्गावती के छायाचित्र पर माला चढ़कर उन्हें याद किया गया। वहीं वार्ड क्रमांक 15 मे रानी दुर्गावती गार्डन मे स्थित रानी दुर्गावती की प्रतिमा पर भी समाजिक बंधुओं व जनप्रतिनिधि के साथ गणमान्य नागरिकों ने भी माल्यार्पण किया गया । जिसमे प्रमुख रूप से पूर्व पार्षद ऋषभ जायसवाल, पूर्व पार्षद अनिल पाठक, तीरथ बट्टी, धर्मेंद्र धुर्वे, असाडू लाल उइके, राज कंगाली सहित अनेक लोगों ने प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया।

# जिला कलेक्टर एवं एस.डी.एम. ने किया बडे.मिशन स्कूल का निरीक्षण, शाला हेतु लिये गये महत्वूपर्ण निर्णय

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

मिशन बालक उ.मा. विद्यालय सिवनी (बड़ा मिशन) में आज जिला कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन ने नवीन शाला प्रबंधन समिति बनने के बाद बतौर चेयरमैन प्रथम बैठक में शामिल हुई। सर्वप्रथम सुश्री जैन का स्वागत शाला प्रबंधन समिति के प्रशासकीय नियंत्रक श्री शरद जैन एवं शाला के प्रभारी प्राचार्य रॉबिन मसीह ने पुष्पगुच्छ भेंट कर किया तत्पश्चात



कलेक्टर मैडम ने सर्वप्रथम पूरी शाला का निरीक्षण किया और इस ऐतिहासिक शाला को देखकर वह बहुत प्रभावित हुई श्री शरद जैन के द्वारा शाला के 125 वर्ष पुराने इतिहास से मैडम को अवगत कराया गया एवं शाला भवन की मरम्मत को लेकर मैडम ने सुझाव दिया की इस ऐतिहासिक इमारत में हजारो लोगो ने शिक्षा प्राप्त की है और उनका लगाव भी इस शाला से जुड़ा हुआ है ऐसी स्थिती में 125वी वर्षगांठ का आयोजन कराया जाये और उन सभी के सहयोग से शाला भवन का जीर्णोद्धार कराया जाये जिन्होने यहा से अध्ययन प्राप्त किया है इससे शाला भवन को एक नया रूप मिलेगा और वर्तमान में अध्ययन कर रहे हमारे बच्चों के लिये हितकारी रहेगा तथा जिले की इस इमारत का इतिहास बना रहेगा। इस बैठक में शाला की आय व्यय के सम्बंध में, शिक्षा को बेहतर बनाये जाने हेतु क्या-क्या करना होगा, नवीन शिक्षक कर्मचारियों की नियुक्ति सम्बंधी आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किये गये।

## Exam Controller ने किया कंफर्म

# CBSE Board Exam 2026: साल में दो बार 10वीं बोर्ड परीक्षा कराने को हरी झंडी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

2026 को लेकर बड़ा फैसला, अब 10वीं की बोर्ड परीक्षा साल में दो बार। फरवरी में अनिवार्य और मई में वैकल्पिक परीक्षा होगी। परीक्षा नियंत्रक ने नई व्यवस्था की पुष्टि की। जानें क्या होंगे नए नियम और छात्रों को कैसे मिलेगा फायदा।

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (CBSE) ने एक बड़ा फैसला लेते हुए घोषणा की है कि वर्ष 2026 से कक्षा 10 की बोर्ड परीक्षाएं साल में दो बार आयोजित की जाएंगी। पहली परीक्षा फरवरी में अनिवार्य रूप से होगी, जबकि दूसरी परीक्षा मई में आयोजित की जाएगी जो वैकल्पिक होगी।

सीबीएसई के परीक्षा नियंत्रक संयम भारद्वाज ने जानकारी दी कि इस बदलाव का उद्देश्य छात्रों को बेहतर अवसर और लचीलापन देना है ताकि वे अपने प्रदर्शन को सुधार सकें। उन्होंने बताया कि छात्र मई में होने वाली दूसरी परीक्षा में विज्ञान, गणित, सामाजिक विज्ञान और भाषाओं में से किसी भी तीन विषयों में अपने अंक सुधारने का प्रयास कर सकेंगे।

### परिणाम अप्रैल और जून में घोषित होंगे

फरवरी में होने वाली पहली परीक्षा का परिणाम अप्रैल में घोषित किया जाएगा, जबकि मई की वैकल्पिक परीक्षा का परिणाम जून में आएगा। इस व्यवस्था से छात्रों को एक ही शैक्षणिक सत्र में दो बार प्रदर्शन सुधारने का मौका मिलेगा।

### आंतरिक मूल्यांकन केवल एक बार

नए नियमों के अनुसार, आंतरिक मूल्यांकन (Internal Assessment) पूरे साल में केवल एक बार ही किया जाएगा। इससे छात्रों और शिक्षकों पर मूल्यांकन का अतिरिक्त दबाव कम होगा और प्रक्रिया अधिक पारदर्शी तथा सरल हो जाएगी।

### नई शिक्षा नीति के अनुरूप निर्णय

यह बदलाव राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) 2020 के सुझावों के अनुरूप है जिसका उद्देश्य बोर्ड परीक्षाओं को कम दबाव वाला और अधिक लचीला बनाना है। नीति के तहत यह सिफारिश की गई थी कि छात्रों को एक वर्ष में दो बार बोर्ड परीक्षा देने का अवसर मिलना चाहिए।

### सर्दी प्रभावित क्षेत्रों के लिए विशेष सुविधा

सीबीएसई ने बताया कि जो छात्र सर्दी-प्रभावित इलाकों में पढ़ाई कर रहे हैं उन्हें किसी भी एक चरण की परीक्षा में शामिल होने की छूट दी जाएगी ताकि मौसम की बाधाएं उनके परीक्षा प्रदर्शन में रुकावट न बनें।

### जनता से सुझाव लेकर बनाया गया निर्णय

फरवरी 2025 में ड्राफ्ट नियमों को सार्वजनिक मंच पर रखा गया था ताकि अभिभावकों छात्रों और शिक्षकों से प्रतिक्रिया ली जा सके। व्यापक विचार-विमर्श के बाद ही सीबीएसई ने यह नई प्रणाली लागू करने का फैसला लिया है।

# जब तक ग्वालियर उच्च न्यायालय में बाबा साहेब की प्रतिमा स्थापित नहीं हो जाती तब तक कांग्रेस पार्टी चैन से नहीं बैठेगी-खुराना

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** ग्वालियर उच्च न्यायालय ने भारत रत्न बाबा साहेब अम्बेडकर की प्रतिमा स्थापित करने की मांग को लेकर मध्यप्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी जी के निर्देशानुसार प्रदेश स्तरीय संविधान सत्याग्रह कार्यक्रम जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा टैगोर वार्ड में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजकुमार खुराना, संगठन मंत्री पंकज शर्मा, मोहनसिंह चंदेल, सुरेन्द्र करोसिया, विष्णु करोसिया, अरविंद करोसिया, पवन चौहान, सुमित झारिया, नरेश मंगोरे, अरूपचंद चौधरी, संतराम बघेल, लखनलाल बेलिया ने अपनी बात रखी। सभी वक्ताओं ने कहा कि दुनिया में डॉ. बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर जैसे व्यक्ति बहुत ही कम हुए है। यही कारण है कि उनके पास 32 डिग्रिया थी, उन्हें 9 भाषाओं का ज्ञान था, यही कारण है कि बाबा साहेब को नालेज ऑफ सिम्बल कहा गया।

भारतीय जनता पार्टी जब से केन्द्र की सत्ता में काबिज है तब से उनके नेता संविधान बदलने, संविधान की संमीक्षा, संविधान पर पुर्नविचार करने की बात हमेशा कहते है। इनकी सोच सामाजिक न्याय के प्रति बाबा साहेब और उनके संविधान के प्रति कभी भी ठीक नही रही है एक ओर पूरी दुनिया के अनेक देशो में डॉ. बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर जी की प्रतिमा पूरी गरीमा के साथ स्थापित की जा रही है वहीं दूसरी ओर अपने ही देश में भारतीय जनता पार्टी की सत्ताधारी सरकार न्याय का मंदिर ग्वालियर उच्च न्यायालय में बाबा साहेब की प्रतिमा स्थापित नहीं होने दे रहें है, यह पूरे देश के लिए बहुत ही शर्म की बात है। कांग्रेस पार्टी ने हमेशा बाबा साहेब और



संविधान का आदर किया कांग्रेस पार्टी ने हमेशा बाबा साहेब और संविधान का आदर किया है जब तक ग्वालियर उच्च न्यायालय में बाबा साहेब की प्रतिमा स्थापित नही हो जाती तब तक कांग्रेस पार्टी चैन से नहीं बैठेगी। सम्बोधन के बाद स्थानीय लोगो के साथ बैठकर जिला कांग्रेस पदाधिकारियों ने भोजन किया। इस अवसर पर अतुलचंद मालू, देवीसिंह चौहान, घनश्याम सनोडिया, सलाम कुरैशी, ध्रुवनारायण चौधरी, गेंदलाल भलावी, विनोद यादव, राजिक अकील, वीजेन्द्र करोसिया, डालचंद बर्वे, राजेश मानाठाकुर, सुमित मिश्रा, जयप्रकाश सिंह परिहार, शाहिद नजीर, विपिन यादव, नन्दू यादव, राजू यादव, शंकरलाल डहेरिया, सुजीत गोदरे, सुरेश परते, सुशील सोनकेशरिया, धनंजय सिंह, एड़ मिर्जा फैसल बैग, डालचंद पप्पू पुसाम, मनीष अग्रवाल, नितिन बघेले, साकेत नेमा, अभिषेक तिवारी, ऋषि गोसाई सहित बडी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित हुए।

## धान बीज का क्रय-विक्रय पर प्रतिबंधित, किसानों के साथ हुई धोखाधड़ी..!

# बिसेन कृषि कल्याण केंद्र उकवा का बीज अमानक

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

कलेक्टर के शख्त निर्देश हैं, अमानक और बिना प्रमाणित बीज के विक्रय पर रोक लगाने के लिए लगातार कृषि विभाग द्वारा कार्यवाही की जा रही है। वैसे तो जिले में अमानक धान बीज का खेल जोरो से चल रहा है, पहले कटंगी और वारासिवनी में अवैध धान पेकिंग का मामला उजागर हुआ था उसके बाद अब उपसंचालक कृषि एवं अधिसूचित प्राधिकारी फूलसिंह मालवीय ने बिसेन कृषि कल्याण केंद्र उकवा का धान बीज का नमूना प्रयोगशाला जाँच में अमानक पाये जाने पर उसके क्रय-विक्रय एवं भण्डारण पर तत्काल प्रतिबंध लगा दिया है। बिसेन कृषि कल्याण केंद्र उकवा के संचालक प्रवीण बिसेन हैं। इस बीज का अमानक पाया



जाना किसानों के साथ धोखाधड़ी है, जिस किसान ने यह बीज का उपयोग खेती में किया है वह अब परेशान दिखाई दे रहे हैं। सवाल तो हैं ही क्या कार्यवाही होती हैं...?

आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र उकवा में अमानक धान बीज का पाया जाना, कई सवालों को जन्म देता है। अमानक धान बीज के मामले में तत्कालीन केबिनेट मंत्री गौरीशंकर बिसेन और तत्कालीन सांसद बोधसिंह भगत के बिच में अमानक धान बीज को लेकर आदिवासी क्षेत्र के मलाजखंड में तीखी बहस हुई और इसी के कारण आगे चलाकर बोधसिंह भगत ने भाजपा का साथ छोड़ दिया। यहीं नहीं पिछले वर्ष वारासिवनी में बड़ी मात्रा में नक्सली धान बीज पेकिंग का खेल उजागर हुआ था और अब उकवा की बिसेन कृषि कल्याण केंद्र में अमानक धान पाया जाना किसानों के साथ बहुत बड़ी धोखाधड़ी उजागर हुई हैं।

कृषि विभाग ने बीज निरीक्षक द्वारा 22 मई 2025 को बिसेन कृषि कल्याण केंद्र उकवा से लॉट क्रमांक एच-1026 का धान विराट गोल्ड बीज का नमूना प्रयोगशाला जाँच के लिये भेजा गया था। धान बीज का यह नमूना प्रयोगशाला जाँच में अमानक पाया गया है और इसमें अंकुरण का प्रतिशत मात्र 75 प्रतिशत पाया गया है। इस अमानक लॉट के धान बीज के क्रय विक्रय एवं भण्डारण पर तत्काल प्रतिबंध लगा दिया गया है। इसके साथ ही बिसेन कृषि कल्याण केंद्र उकवा के संचालक प्रवीण बिसेन को समक्ष में उपस्थित होकर अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने कहा गया है। समय सीमा में संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर बीज नियंत्रण आदेश 1983 के तहत कार्यवाही के चेतावनी दी गई है।

वैसे तो अमानक घोषित किए गए बीज का भंडारण या क्रय-विक्रय नहीं किया जा सकता है। निर्देशों का उल्लंघन करने पर बीज अधिनियम-1966 और बीज नियंत्रण आदेश 1983 के तहत कार्यवाही की जाती हैं। अमानक बीज का भंडारण या बिक्री करना कानूनी अपराध है और इसके लिए सजा और जुर्माना हो सकता है। किसानों को सलाह दी जाती है कि वे केवल प्रमाणित बीज विक्रेताओं से ही बीज खरीदें और बीज खरीदते समय उसकी गुणवत्ता की जांच करें।

## सिविल अस्पताल लांजी एवं बैहर को दी जाएगी एक-एक मशीन

# रोटरी क्लब ऑफ वैनगंगा ने भेंट की दो डायलिसिस मशीनें



हरिभूमि न्यूज बालाघाट। रोटरी क्लब ऑफ वैनगंगा, जो पिछले 21 वर्षों से मानव सेवा के क्षेत्र में अग्रणी रहा है, ने बालाघाट जिले को एक और महत्वपूर्ण सौगात दी है। 25 जून को जिला चिकित्सालय बालाघाट के शीघ्र हस्तक्षेप केन्द्र में आयोजित एक समारोह में क्लब ने दो अत्याधुनिक डायलिसिस मशीनें दान कीं। इस अवसर पर कलेक्टर श्री मृणाल मीणा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम में रोटरी क्लब ऑफ वैनगंगा के अध्यक्ष अखिल वैद्य, क्लब के अन्य पदाधिकारी, डॉ. आशुतोष बांगरे, राजाराम चक्रवर्ती, डीपीएम विक्रम सिंह ठाकुर एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

कलेक्टर श्री मीणा ने रोटरी क्लब के इस प्रयास की सराहना की और कहा कि यह पहल न केवल स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाएगी, बल्कि कई परिवारों के लिए जीवन रक्षक साबित होगी। इन मशीनों के दान से किडनी रोगियों को सस्ती और सुलभ डायलिसिस सुविधा उपलब्ध होगी, जिससे विशेष रूप से आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के मरीजों को लाभ मिलेगा। कलेक्टर श्री मीणा ने कहा कि इनमें से एक मशीन सिविल अस्पताल लांजी और एक मशीन सिविल अस्पताल बैहर को प्रदान की जायेगी। लांजी एवं बैहर में इन मशीनों को संचालित करने के लिये चिकित्सक की व्यवस्था करने के साथ ही स्टॉफ को प्रशिक्षित किया जायेगा। इस अवसर पर कलेक्टर श्री मीणा एवं रोटरी क्लब के पदाधिकारियों ने एक पेड़ माँ के नाम कार्यक्रम के तहत अस्पताल परिसर में पौधारोपण भी किया।

रोटरी क्लब के अध्यक्ष अखिल वैद्य ने बताया कि यह पहल समाज के जरूरतमंद लोगों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में एक कदम है। कार्यक्रम में रोटरी क्लब के सदस्यों, अस्पताल कर्मचारियों और स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया। यह दान जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं को बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान देगा।

इस अवसर पर रोटरी क्लब के नितिन चोपड़ा, रविंद्र वैद्य, सुनील चौरसियाँ, विकल्प जैन, अमित रंगलानी, अनुप बेग्गड़, डॉ. विकास बिसेन, गौरव माहेश्वरी, जतिन अग्रवाल, नीरज सचदेवा, श्रेयांश वैद्य, सौरभ माहेश्वरी, सुकुमार जैन, सुरेंद्र ठाकरे, सुमित बागरेचा, दिलीप कारडा, भुपेंद्र सिंह डडियाल, निलेश पटेल, अतित वैद्य, विक्रम त्रिवेदी, अंकेत माहेश्वरी, अर्चित नेमा, अक्षय काकरियॉं, डॉ. बालक गौतम, अमन भल्ला, नवीन बख्शी, मनोज लिल्हारे उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### दुरस्थ क्षेत्र के ग्राम खारा में बिजली आपूर्ति हुई बहाल

**बालाघाट।** बालाघाट बैहर रोड पर मयुर बिंदु से लगभग 12 किलोमीटर दूर घने जंगल में स्थित ग्राम खारा में बिजली की आपूर्ति बहाल कर दी गई है। मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी के अधीक्षण यंत्री श्री दीपक उइके ने बताया कि ग्राम खारा तक विद्युत लाइन घने वन क्षेत्र से होकर गुजरती है, आंधी तूफान आने के कारण कई स्थानों पर केबल और विद्युत पोल टूट गए थे, जिसके कारण विद्युत प्रदाय अवरुद्ध हो गया था। इस पहाड़ी और वन क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति के लिये पोल ले जाने में समय लगा, जिसके कारण विद्युत आपूर्ति बहाल करने में कुछ विलम्ब हो गया। लेकिन यह कार्य अब पूर्ण हो गया है और 24 जून 2025 से ग्राम खारा में बिजली की आपूर्ति बहाल हो गई है।

### जिले में अब तक 66 मिलीमीटर वर्षा रिकार्ड

**बालाघाट।** चालू वर्षा सत्र के दौरान बालाघाट जिले में 01 जून से 25 जून 2025 तक 66 मिलीमीटर औसत वर्षा रिकार्ड की जा चुकी है। जबकि गत वर्ष इसी अवधि में 57 मिलीमीटर वर्षा रिकार्ड की गई थी। जिले की औसत सामान्य वर्षा 1447 मिलीमीटर है। 25 जून को प्रातः 08 बजे समाप्त हुए 24 घंटे के दौरान जिले में 23 मिलीमीटर वर्षा रिकार्ड की गई है। कार्यालय अधीक्षक भू- अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार 25 जून को प्रातः 8:00 बजे समाप्त हुए 24 घंटे के दौरान बालाघाट तहसील में 71 मिलीमीटर, वारासिवनी में 38 मिलीमीटर, बैहर में 3 मिलीमीटर, लांजी में 05 मिलीमीटर, खैरलांजी में 00 मिलीमीटर, लालबर्रा में 47 मिलीमीटर, बिरसा में 08 मिलीमीटर, परसवाड़ा में 12 मिलीमीटर एवं तिरोड़ी तहसील में 03 मिलीमीटर वर्षा रिकार्ड की गई है। इस प्रकार जिले में बीते 24 घंटे में 23 मिलीमीटर औसत वर्षा रिकार्ड की गई है।

### विधिक साक्षरता व जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन

**बालाघाट।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नवेगांव में विधिक साक्षरता व जागरूकता शिविर का आयोजन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री प्राणेश कुमार प्राण के कुशल मार्गदर्शन में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, नवेगांव में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में उपस्थित श्री सतीष शर्मा न्यायाधीश व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम एवं नालसा (बच्चों को मैत्रिपूर्ण विधिक सेवाएँ एवं उनका संरक्षण योजना) 2015 के विभिन्न प्रावधानों के बारें उपस्थित छात्र छात्राओं को अवगत कराया गया।

## मानेगांव में डंपर ने बाइक को मारी टक्कर शख्स की मौत

हरिभूमि न्यूज कटंगी।

बुधवार की शाम करीब 6:30 बजे के आसपास कटंगी थाना क्षेत्र के ग्राम मानेगांव में सड़क हादसा हुआ है। तेज रफ्तार डंपर में बाइक को जबरदस्त टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। सड़क हादसे की सूचना मिलते ही कटंगी पुलिस मौके पर पहुंची। जिसने शव को बरामद किया और शव को पीएम के लिए सरकारी अस्पताल कटंगी लाया गया। शाम होने की वजह से मृतक के शव का पीएम नहीं हो पाया है। अब गुरुवार को शव का पीएम होगा। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार सड़क हादसे में दशानंद पिता सुखचंद पटेल निवासी मानेगांव की मौत हुई है। सड़क हादसे के बाद गांव में कुछ देर



के लिए तनाव की स्थिति निर्मित हो गई। यह हादसा डंपर क्रमांक एमपी 50 एच 1487 से हुआ है जिसने हीरो होण्डा बाइक को टक्कर मारी है. बता दें कि बाइक चालक के सिर पर चोट आने की वजह से उसकी मौत हुई है। अगर बाइक चालक हेलमेट का उपयोग कर वाहन चला रहा होता तो शायद उसकी जान बच सकती थी।

# समीक्षा : कलेक्टर ने ली नगरीय निकायों के अधिकारियों की बैठक

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** कलेक्टर श्री मृणाल मीणा ने 25 जून को जिले के नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं उपयंत्रियों की बैठक लेकर नगरीय क्षेत्रों में चल रहे विकास कार्यों की विस्तार से समीक्षा की।

बैठक में सर्वप्रथम वर्षा ऋतु के दौरान पौधारोपण कार्य की समीक्षा की गई। इस दौरान बताया गया कि नगरीय क्षेत्र बालाघाट में 03 हजार, मलाजखण्ड में 02 हजार, वारासिवनी में 1500, लांजी में 1100, कटंगी में 1200 एवं बैहर में 1200 पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। कलेक्टर श्री मीणा ने नगरीय निकायों द्वारा पौधारोपण के लिये की गई तैयारियों की जानकारी ली और निर्देशित किया कि पौधारोपण के लिये गड्ढे तैयार करने का कार्य शीघ्र पूर्ण करें। पौधारोपण के लिये पौधो का इंतजाम करे और लगाये जाने वाले पौधों की सुरक्षा की भी व्यवस्था करें। लगाये गये पौधों की जानकारी फोटो सहित वायुदूत एप्प पर अपलोड भी करना है। कलेक्टर श्री मीणा ने सभी मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को सख्त निर्देश दिये कि नगरीय क्षेत्रों में सड़कों पर घुमने वाले आवारा पशुओं के मालिकों पर बड़ा जुर्माना लगाये। एक बार जुर्माना लगाने के बाद भी पशु सड़क पर पाये जाए तो उन्हें पकड़कर गौशाला में छोड़ दिया जाए। बैठक में अमृत हरित महाअभियान के अंतर्गत पौधारोपण की भी समीक्षा की गई।



कलेक्टर श्री मीणा ने बैठक में निर्देशित किया कि सीएम हेल्पलाईन की शिकायतों का संतुष्टि के साथ त्वरित निराकरण कराए। 50 दिन एवं 100 दिनों से लंबित शिकायतों के निराकरण पर विशेष ध्यान दिया जाए। प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा के दौरान जिन निकायों द्वारा नये आवासों के लिये अब तक डीपीआर तैयार नहीं किये गए है उन्हें शीघ्र डीपीआर तैयार कर जमा करने के निर्देश दिये गए। नगरीय क्षेत्र वारासिवनी प्रधानमंत्री आवास के शत प्रतिशत आवास निर्माण पूर्ण होने पर प्रशंसा की गई और शेष निकायों को अपूर्ण आवास एक सप्ताह के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिये गए। जिन हितग्राहियों द्वारा आवास की किश्त मिलने के बाद भी आवास का कार्य नहीं किया जा रहा है उनके विरूद्ध कार्यवाही करने कहा गया। नगरीय क्षेत्रों में आवासहीन लोगों के सर्वे का कार्य शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश दिये गए।

कलेक्टर श्री मीणा ने बैठक में निर्देशित किया कि वर्षा के दिनों में नगरीय क्षेत्रों में कहीं पर भी जल भराव की स्थिति निर्मित नहीं होना चाहिए। इसके लिये नालियों एवं नालों की सफाई का काम शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश दिये गए। नगरीय क्षेत्र बालाघाट में अम्बेडकर चौक और हनुमान चौक में प्रायः जल भराव की स्थिति निर्मित होने पर कलेक्टर द्वारा नाराजगी व्यक्त की गई और मुख्य नगर पालिका अधिकारी को निर्देशित किया गया कि इस समस्या का शीघ्रता से समाधान निकाले। सभी नगरीय निकायों में समग्र ईकेवायसी का कार्य 30 जून तक हर हाल में पूर्ण करने के निर्देश दिये गए।

## धोखाधड़ी : एयर टिकट बुकिंग में धोखाधड़ी का मामला

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट में एक व्यापारी के साथ एयर टिकट बुकिंग में धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। कोतवाली पुलिस ने इंडस ट्रैवलर्स जबलपुर की रजनी सोनी के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

व्यापारी अमित खूबचंदानी ने 12 दिसंबर 2024 को रायपुर से अमृतसर के लिए 13 एयर टिकट बुक कराई थी। उन्होंने रजनी सोनी



को 73 हजार 312 रुपए का भुगतान किया था। 28 जनवरी को जब वे परिवार के साथ रायपुर एयरपोर्ट पहुंचे तो पता चला कि सभी टिकट कैंसल कर दी गई।

खूबचंदानी को तत्काल में 1.5 लाख रुपए खर्च कर नई टिकट खरीदनी पड़ी। अमृतसर से लौटने के बाद उन्होंने रजनी सोनी से कई बार संपर्क किया। सोनी ने पैसे लौटाने का आश्वासन दिया, लेकिन आज तक राशि वापस नहीं की।

थाना प्रभारी विजय राजपूत के अनुसार, मामले की जांच चल रही है। पुलिस जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार करने की कार्रवाई करेगी।

## लालबर्रा में "संविधान हत्या दिवस" पर कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**बालाघाट।** शासकीय महाविद्यालय लालबर्रा में 25 जून 2025 को "संविधान हत्या दिवस" कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम के अध्यक्ष महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुरेन्द्र कुमार खण्डायत द्वारा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए 25 जून 1975 को राष्ट्र में आपातकाल लागू होने की घटनाओं पर प्रकाश डाला गया। साथ ही उन्होंने लोकतांत्रिक मूल्यों और संवैधानिक नैतिकता के प्रति विद्यार्थियों को प्रेरक उद्बोधन दिया। डॉ. संगीता मेश्राम सहायक प्राध्यापक ने अपने उद्बोधन में संविधान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए संविधान के प्रति प्रतिबद्ध रहने की बात कहीं। वहीं डॉ. क्रांति जैन ने आपातकाल की स्थितियों को समझाया। कार्यक्रम का मंच संचालन संयोजक डॉ. प्रदीप कुमार भिमटे द्वारा किया गया एवं आभार प्रदर्शन डॉ. निर्मल कीर्ति गेडाम द्वारा किया गया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में सहायक प्राध्यापक श्री सुमन बरवा, डॉ. देवराज चैरे, श्रीमती संध्या परते, श्री मनीश शिवहरे, डॉ. आशीष बागडे, डॉ. कामाक्षा बिसेन, श्रीमती आशा कारे, श्री संदीप चैरसिया, श्री पीतम मुरते, श्री यादोराव राजुरकर, श्री व्यंकट नगपुरे, श्रीमती सरिता ऐडे, श्री रामदयाल मथारे, श्री लकेश गेडाम, श्रीमती वंदना कुर्वे, श्री मिनेश पंचेश्वर, कु. सोनम हरिनखेडे, श्री प्रसिक हुमनेकर, श्री निशांत तलवरे, श्री इकबाल खान एवं महाविद्यालय परिवार एवं छात्र-छात्राओं का योगदान रहा।

### नशा मुक्त भारत पखवाड़े का आयोजन

**बालाघाट।** शासकीय शंकर साव पटेल महाविद्यालय वारासिवनी में आयुक्त उच्च शिक्षा विभाग के आदेशानुसार ''नशा मुक्त भारत पखवाड़े'' का आयोजन महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. प्रवीण पन्द्रे के निर्देशन एवं स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ प्रभारी श्री नरेन्द्र कुमार डोंगरे के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ प्राध्यापिका डॉ. सरिता कोल्हेकर विभागाध्यक्ष (राजनीति विज्ञान) उपस्थित रही। अपने उद्बोधन में डॉ. कोल्हेकर ने कहा कि नशा करने वाला व्यक्ति स्वयं ही बर्बाद नहीं होता है।

## आदिवासी बैगा परिवार ने वन जमीन का पट्टा दिए जाने की मांग की

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** बालाघाट के परसवाड़ा की ग्राम पंचायत झिरिया से करीब एक दर्जन आदिवासी बैगा परिवार बुधवार को मुख्यालय पहुंचे। उन्होंने वन जमीन का पट्टा दिए जाने की मांग की।

आदिवासी अपने साथ पंचायत सरपंच गीता मर्सकोले का पत्र लेकर आए थे। सरपंच ने कलेक्टर को लिखे पत्र में कहा है कि पंचायत को बैगाओं को वन जमीन का पट्टा देने में कोई आपत्ति नहीं है।



उपसरपंच राजेन्द्र कुमार राहंगडाले ने बताया कि आदिवासी बैगा लंबे समय से वन जमीन पर खेती कर अपना जीवन यापन कर रहे हैं। ग्रामीण कमलेश मरकाम के अनुसार, वन विभाग इस साल खेती रोक रहा है और उनके खेती के सामान को जब्त कर रहा है।

सेवकली मेरावी ने कहा कि वे सभी खेती पर निर्भर हैं। वन विभाग के खेती रोकने से उनकी आजीविका प्रभावित हो रही है। हाल ही में नक्सल प्रभावित क्षेत्र में आयोजित शिविर में कलेक्टर मृणाल मीणा ने कहा था कि पात्र लोगों को नियमानुसार वन पट्टे दिए जाएंगे।

कलेक्टर ने सचिव, वन विभाग और जनपद पंचायत को वन मित्र पोर्टल पर आवेदन दर्ज कराने की जिम्मेदारी दी थी। साथ ही आवेदन में आवश्यक दस्तावेज जुटाने का काम भी सौंपा था। इसके बावजूद ग्रामीण आदिवासियों को अपना काम छोड़कर मुख्यालय आना पड़ रहा है।

## बालाघाट शहर में अब भी 41 हजार 849 लोगो की नहीं हुई ई-केवायसी

# समग्र इकेवायसी की समीक्षा बैठक सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

नगर पालिका परिषद बालाघाट द्वारा शहर के समस्त नागरिकों का समग्र पोर्टल पर इकेवायसी का कार्य नियमित रूप से किया जा रहा है। 24 जून को अनुविभागीय (राजस्व) कार्यालय बालाघाट में नगर पालिका परिषद बालाघाट की समग्र ई-केवायसी की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिसमें पाया गया कि बालाघाट शहर के सभी वार्डों से लगभग 41 हजार 849 लोगो द्वारा समग्र ई-केवायसी नहीं कराई गई है। बैठक के दौरान शहर के लोगो की समग्र ई-केवायसी कराये जाने तथा इकेवायसी के प्रति जागरूकता लाए जाने के लिए अधिक से अधिक प्रचार प्रसार कराए जाने के निर्देश दिए गए। साथ ही सभी संबधित वार्ड प्रभारियों को 07 दिवस में समग्र इकेवायसी का कार्य शतप्रतिशत पूर्ण किये जाने के लिए निर्देशित किया गया। बैठक में विशेष रूप से निर्देशित किया गया कि जिले के सभी नागरिको का अपनी समग्र आई.डी. को आधार से लिंक कराना आवश्यक है। क्योंकि समग्र ई-केवायसी नहीं होने की स्थिति में शासन की हितग्राहीमूलक योजनाओं का लाभ प्राप्त नही किया जा सकता है। अतः सभी नागरिको से यह अपील की गई है कि वे अपने नजदीकी सी.एस.सी. केन्द्र, एमपी ऑनलाईन केन्द्र, संबंधित वार्ड प्रभारी नगर पालिका परिषद बालाघाट अथवा नगर पालिका कार्यालय में आवश्यक दस्तावेज जैसे समग्र आईडी, आधार कार्ड एवं आधार में लिंक मोबाईल नम्बर ले जाकर समग्र ई.के.बाई.सी करवाकर भविष्य में होने वाली असुविधा से बचना निर्धारित करें।

## मॉयल द्वारा कलेक्टर की पहल पर टीबी मरीजो को फुड बॉस्केट वितरित

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** मॉयल लिमिटेड द्वारा वर्ष 2025-26 हेतु कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व योजना एवं जिला स्वास्थ्य समिति बालाघाट के संयुक्त प्रयास से कलेक्टर बालाघाट श्री मृणाल मीना की पहल पर राष्ट्रीय क्षय उन्मलन कार्यक्रम बालाघाट के अंतर्गत टीबी मरीजो के लिए निक्षय पोषण आहार (फुड बॉस्केट) का वितरण कार्यक्रम मॉयल अस्पताल भरवेली में मंगलवार को सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। आगामी 6 माह तक 200 मरीजो को प्रतिमाह यह फुड बॉस्केट मॉयल के द्वारा वितरित किया जाएगा, इस कार्य हेतु मॉयल की ओर से 9.21 लाख रूपये (नौ लाख इक्कीस हजार रूपये) व्यय किए जाएंगा। म्ंगलवार को आयोजित कार्यक्रम में अभिकर्ता एवं संयुक्त महाप्रबंधक उम्मेद सिंग भाटी, खान प्रबंधक विवेक कुमार, मॉयल की महिला चिकित्सक श्रीमति बी.नागतोडे, डॉ. श्रृजेश दत्त शर्मा, सरपंच भरवेली श्रीमति गीता अनिल बिसेन, डॉ. श्रीमान रित्विक पटेल, प्रभारी मुख्य चिकित्सक एवं जिला कुष्ठ अधिकारी डॉ. जिला श्रय अधिकारी डॉ. श्रीमति मिनल नगपूर, डॉ. ब्रोम चिचाम, श्रीमति दुर्गा बिसेन कुष्ठ सहायक अधिकारी, श्रीमति स्वर्णलता लिल्हारे सी.एच.ओ. डॉ. परितोष



शुक्ला, सक्रिय समाजसेवी अनिल बिसेन, अस्पताल स्टॉफ में श्रीमति उज्जवला मेडम, विनोद कुमार मीना, नरेन्द्र देवलकर, शैलेष कुमार सहित अन्य गणमान्य इस अवसर पर उपस्थित थे। सभी क्षेत्र के वह मरीज जो क्षय रोग से प्रभावित है उनके लिए यह सेवा वरदान बन सकती है, अनेक स्तर पर सरकार रोगियो को सहयोग करने के लिए प्रयासरत है सम्पूर्ण कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ चिकित्सा कर्मचारी श्रीमति प्रदन्या मुखर्जी द्वारा सारगर्भित शब्दो में किया गया





